

दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 139 रायपुर, बुधवार, 4 जून 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 कोई भी नागरिक भूखा ...

दीपिका की 8 घंटे.... 6


## संक्षिप्त समाचार

### तत्कालीन एसडीएम आनंदरूप तिवारी निलंबित, आदेश जारी

**बिलासपुर।** अरपा भैंसाझार परियोजना घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कोटा के तत्कालीन एसडीएम आनंदरूप तिवारी को निलंबित कर दिया गया है. जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है. इस मामले में एक खसरे का अलग–अलग रकबा दिखाकर मुआवजा बांटने में 3 करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रुपए की अनियमितता की गई थी।

बता दें कि अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट जब शुरू हुआ और जमीन अधिग्रहण किया गया, तब मुआवजा बांटने की आड़ में 3.42 करोड़ का घोटाला कर शासन को ?आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। मामला सामने आने पर तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने जांच की थी। इसके बाद पिछली सरकार में जब विधानसभा में मामला उठा तो बताया गया कि इस प्रोजेक्ट में मुआवजा बांटने के बहाने 3.42 करोड़ का घोटाला कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। लेकिन, दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने दोबारा जांच टीम गठित की।

### लद्दाख के लिए चार कानून लागू

**नई दिल्ली।** दिनाँक 2 जून, 2025 को, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आधिकारिक तौर पर जम्मू और कश्मीर आरक्षण अधिनियम, 2004 में संशोधन करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया, जो विशेष रूप से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लागू होगा। यह प्रमुख संशोधन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% कोटा को छोड़कर, 85% तक आरक्षण पेश करता है।

अध्यादेश का शीर्षक है केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख आरक्षण (संशोधन) विनियमन, 2025। यह सीधे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख पर लागू होता है और मूल कानून के कई प्रमुख प्रावधानों में बदलाव करता है।

**पहले की धारा 3(1) में यह कहा गया था:**

इसके बाद अन्यथा प्रावधान के अलावा, सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित सीमा तक उपलब्ध रिक्तियों को निम्नलिखित व्यक्तियों में से सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए आरक्षित किया जाएगा–

(क) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति जो नवीनतम उपलब्ध जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या के अनुपात और अनुपात से अधिक नहीं होगी;

(ख) सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग; और

(ग) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग:

बशर्ते कि खंड (क) और (ख) में प्रदान किए गए आरक्षण का कुल प्रतिशत किसी भी मामले में 50% से अधिक नहीं होगा। अब, संशोधन के साथ, ईडब्ल्यूएस को छोड़कर नई आरक्षण सीमा 85 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है, जिससे लद्दाख को अपनी जनसांख्यिकीय और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुकूल एक अनूठा ढांचा मिल गया है।

# आईपीएल 2025 का किंग बना आरसीबी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 17 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी उठा ली है। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम– अहमदाबों आरसीबी ने पंजाब किंग्स को छह रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने नौ विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। पंजाब की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 184 रन ही बना सकी

एक समय आरसीबी 200 के पार जाती दिख रही थी, लेकिन आखिरी तीन ओवरों में पंजाब ने वापसी की और उसे इस स्कोर तक जाने नहीं दिया।

आरसीबी के लिए विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए जिसमें उन्होंने 35 गेंदों का सामना किया और तीन चौके मारे। पंजाब के लिए अर्शदीप और जेमिसन ने तीन–तीन विकेट लिए।



### विराट कोहली हुए भावुक

आईपीएल के पहले सीजन से आरसीबी के लिए खेल रहे विराट कोहली इस खिताबी जीत के बाद भावुक हो गए और मैदान पर बैठकर रोने लगे। आरसीबी पूरे मैदान पर जश्न मनाते हुए नजर आया।

# कोरोना केस- 4 हजार के पार पहुंचा



**एजेंसी, नई दिल्ली/कानपुर**

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस से पांच लोगों की मौत हो गई है. साथ ही सक्रिय कोविड–19 मामलों की संख्या बढ़कर 4,026 हो गई है. जिन पांच मरीजों की मौत हुई है वे केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के हैं. ये सभी मरीज पहले से ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे. इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई है.

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस समय दिल्ली में 393, गुजरात 397, कर्नाटक 311, केरल 1416, महाराष्ट्र 494, यूपी 138, तमिलनाडु 215 और वेस्ट बंगाल में 372 कोरोना के मामले सक्रिय है.

वहीं, कोरोना से केरल में 80 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है, जो गंभीर निमोनिया और तीव्र श्वसन संकट सिंड्रोम (ARDS) के साथ–साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित था. तमिलनाडु में टाइप 2 मधुमेह और पार्किंसंस रोग से पीड़ित 69 वर्षीय महिला ने वायरस के कारण दम तोड़ दिया. पश्चिम बंगाल में एक 43 वर्षीय महिला की मौत की सूचना मिली, जो तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम, सेप्टिक शॉक और एक्यूट किडनी इंजरी से पीड़ित थी।

### कोरोना के नए वेरिएंट के लक्षण

कोरोना वायरस के नए मामलों के बढ़ने की वजह NB.1.8.1 सब–वेरिएंट है, जोकि कोविड–19 का ओमिक्रॉन का वेरिएंट है. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ढ्ढष्टरूक्र) ने पुष्टि की है कि नया स्ट्रेन तेजी से फैलता है और अत्यधिक परिवर्तनशील है, लेकिन यह हल्की बीमारी का कारण बनता है. सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, थकान, सिरदर्द, शरीर में दर्द, नाक बहना और भूख न लगना शामिल हैं. ये वायरस मौसमी फ्लू के समान ही है।

### महाराष्ट्र में कोरोना से दो लोगों की मौत

अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कोविड से और 2 मौतें हो गई हैं. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, ये मौतें कोल्हापुर और सातरा में हुई हैं. दोनों मरीज अन्य गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे. इसी के साथ इस वर्ष राज्य में कोविड से मरने वालों की संख्या 10 हो गई है. राज्य में सोमवार को 59 नए मरीज कोविड 19 के सामने आए, जिनमें मुंबई में 20 मामले पाए गए. इसी के साथ राज्य में कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या 873 हो गई है, जिनमें अकेले 483 मरीज मुंबई के हैं. मुंबई में कोविड लगातार बढ़ रहा है. राज्य में अब तक कोविड संक्रमित 369 लोग ठीक भी हो चुके हैं।

## 16 पार्टियों ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

### संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को लेकर INDIA ब्लॉक की 16 पार्टियों ने बैठक की। इन दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इन सभी दलों ने पीएम नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की है।

### बैठक में किन पार्टियों ने लिया हिस्सा ?

इन राजनीतिक दलों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे), राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), नेशनल कांग्रेस (एनसी), CPIM, आईयूएमएल, CPI, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके), केरल कांग्रेस, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (MDMK) और सीपीआई (एमएल) शामिल हैं।

इस बैठक के बाद दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में AITMC के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा , हम सभी यहां हैं, आज तमिलनाडु में एक महत्वपूर्ण दिन है, यह दिवंगत करुणानिधि की 102वीं जयंती है, इसलिए कोई भी डीएमके सांसद नहीं आएगाज 16 दलों ने संसद के विशेष सत्र की मांग करते हुए पीएम को पत्र लिखा है– पत्र में पुंछ, उरी के बारे में बात की गई हैज सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद लोगों के प्रति उत्तरदायी है।

## 'हमने मानक बढ़ा दिए हैं, आतंक को पानी से जोड़ा' : सीडीएस जनरल अनिल चौहान

**एजेंसी, पुणे**

सीडीएस अनिल चौहान ने सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के कार्यक्रम 'फ्यूचर वॉर्स एंड वारफेयर' में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि, भारत आतंकवाद और परमाणु हमले की धमकी के साये में रहकर नहीं जीने वाला। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ, वह हद दर्जे की क्रूरता थी। सीडीएस ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद को रोकना होगा।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ष्टष्ठस्) जनरल अनिल चौहान ने पुणे में कहा, इस विशेष युद्ध का पूरा प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला था। क्या आतंकवाद युद्ध का एक तर्कसंगत कार्य है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा इसलिए है क्योंकि आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। जहां तक हमारे विरोधी का सवाल है, उसने भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने का फैसला किया है। 1965 में, जुल्फिकार अली भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए



भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने पुणे में एक विश्वविद्यालय में अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, फ्रपेशेवर सैन्य बलों पर नुकसान का कोई असर नहीं पड़ता। हमने मानक बढ़ा दिए हैं, आतंक को पानी से जोड़ा है, आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की नयी रेखा खींच दी है।

सीडीएस जनरल चौहान ने आतंकवाद का समर्थन करने की पाकिस्तान की नीति पर कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ सप्ताह पहले ही पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफजहर उगला था। हमारे दुश्मन का दृष्टिकोण भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करना है।

## छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावना: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की कलाकृतियों की मांग विदेशों तक है। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और हस्तशिल्पियों को उनके हुनर की उचित कीमत दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना अंतर्गत पाँच पांच हजार रुपये की अनुदान राशि का वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ शिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड शिल्पकारों की बेहतरी के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक इलाके में हस्तशिल्पी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान मुझे कोंडागांव के शिल्पग्राम जाने का मौका मिला। वहाँ मैंने शिल्पकारों से मुलाकात की और उनकी कला को करीब से देखा। इसी प्रकार रायगढ़ के एकताल में भी शिल्पकार धातु से कलाकृतियाँ बनाते हैं। बस्तर में काष्ठशिल्प से लकड़ी की सुंदर आकृतियाँ बनाई जाती हैं। पूरे प्रदेश में हस्तशिल्पियों का हुनर अद्भुत है। आज इस कार्यक्रम में मुझे जो सुंदर टोपी भेंट की गई, वह छिंद और कांसा से बनाई



गई थी। जशपुर में हमारे गाँव के नजदीक कोटामपानी में भी छिंद और कांसा से बहुत सुंदर–सुंदर कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिल्पकारों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण देने की जरूरत है। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है कि हस्तशिल्प का कार्य ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में होता है।

इसलिए हस्तशिल्प विकास के द्वारा हम बहुत बड़े पैमाने पर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। मुझे आशा है कि हस्तशिल्प विकास बोर्ड इस ओर कार्य करेगा और शिल्पकारों को प्रशिक्षण के साथ ही उन्हें लोन–सब्सिडी भी अधिक से अधिक दिलाकर रोजगार से जोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव के डोकरा आर्ट की विदेशों में माँग है। यह जरूरी है कि शिल्पकारों को बाजार के साथ उत्पाद की उचित कीमत मिले। बिना बिचौलियों के हस्तशिल्पियों की पहुँच सीधे बाजार तक हो, ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिले।




### भारत सरकार ने जारी की एसआरएस रिपोर्ट

## झारखंड का मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से भी अच्छा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

झारखंड के लिए खुशखबरी निकलकर सामने आई है। भारत सरकार ने हाल ही में सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) रिपोर्ट जारी किया है। इसके अनुसार झारखंड में जन्म दर, मृत्यु दर के साथ–साथ शिशु मृत्यु दर में भी बेहतर नतीजे देखने को मिले हैं। इसके अलावा राज्य के मातृ मृत्यु दर (MMR) में भी बीते कुछ सालों में सुधार देखने को मिला है। पहले 1 लाख में 56 महिलाओं की मृत्यु बच्चे को जन्म देते समय हो जाती थी, लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 51 हो गयी है।



बता दें कि, मातृ मत्यु दर वैसी महिलाओं के मामले का गणना करता है, जिनका निधन गर्भधारण के दौरान या बच्चे के जन्म के 42 दिनों के बाद हो जाता है। राज्य सरकार के प्रयास से झारखंड ने लिंग अनुपात में 2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य भी हासिल कर लिया है। समाज कल्याण निदेशालय, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने अब तक 50 हजार से अधिक जनजागरूकता कार्यक्रम किया है। इसमें लगभग 10 लाख से अधिक बच्चों व अभिभावकों को शामिल किया गया है। इसमें उनको भ्रूण हत्या की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, गर्भावस्था का पंजीकरण, स्कूलों में बच्चियों का नामांकन, स्कूल छोड़ने वाली बच्चियों का पुन: नामांकन, उनका कौशल विकास एवं मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन आदि के विषय की जानकारी दी गयी।

### छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड का बड़ा आदेश

## निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम/मौलाना अब 11 सौ रूपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगे

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने समस्त वक्फसंस्थाओं (मस्जिद, मदरसा, दरगाह) के मुतवल्लीयों के लिए एक बड़ा आदेश जारी किया है जिसमें यह कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ में अब निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम/मौलाना द्वारा जो नजराना/उपहार लिया जाता है वह 11 सौ रूपये से अधिक नहीं ले सकेंगे।

डॉ.सलीम राज के पास विगत दिनों कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थी कि किसी एक इमाम/मौलाना ने निकाह पढ़ाने के लिए 5100 रूपये नजराना/उपहार न दिये जाने पर निकाह पढ़ाने से इनकार कर दिया और वहां से चले गये। इस प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डॉ.राज ने यह आदेश जारी किया है कि अब प्रदेश भर के इमाम/मौलाना निकाह पढ़ाने



के लिए 11 सौ रूपये से अधिक नजराना/उपहार नहीं ले सकेंगे। इस्लाम में शरीयत का भी यह हुक्म है कि निकाह को आसान करें। पूरे प्रदेश में लगभग 800 से अधिक इमाम और मौलाना है जो निकाह पढ़ाने का काम करते हैं, यदि किसी इमाम या मौलाना द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है या किसी इमाम या मौलाना के विरूद्ध इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफकार्यवाही की जायेगा।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, यह फरमान जारी करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि, .समाज के अति पिछड़ा वर्ग और गरीब वर्ग के लोग को सहूलियत दी जाये, चूंकि एक गरीब परिवार के लिए 5100 रूपये बहुत महत्व रखता है उसे कमाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष के इस फरमान से समाज में जो एक विसंगती पैदा हो गई थी वह दूर होगी और गरीब परिवार के लोगों को निकाह पढ़ाने के लिए कोई बड़ी रकम नजराना नहीं देना होगा।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है कि गरीब का हक गरीब को मिले। तीन तलाक का कानून लागू होने से मुस्लिम तलाकशुदा महिला आज सुखी जीवन व्यतीत कर रही है। तलाक में आज 35 प्रतिशत की कमी आई है।

सम्पादकीय

# यूक्रेन के रूस पर ड्रोन हमले के सबक

एक साहसिक और अप्रत्याशित हमले में यूक्रेन के सैन्य बलों ने रूसी क्षेत्र के भीतर जाकर लगातार कई हमले किए और रूस के लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों या सामरिक बमबारी बेड़े को निशाना बनाया। रूस के अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की है लेकिन यह नहीं बताया कि कितनी क्षति पहुंची है। रूस के सामरिक बमबारी बेड़े को हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है क्योंकि ये 1950 के दशक के हैं और इन्हें बनाने वाली इकाइयां बहुत पहले बंद हो चुकी हैं। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने दावा किया कि उसने एक तिहाई बेड़े को निशाना बनाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस को करीब 7 अरब डॉलर मूल्य का नुकसान हुआ है। परंतु जिस बात ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है और जो आने वाले महीनों और वर्षों तक सैन्य योजनाकारों और सामरिक विशेषज्ञों की चर्चा का विषय रहने वाली है, वह है इस हमले का तरीका। यूक्रेन ने यह हमला रेडियो नियंत्रित ड्रोन के माध्यम से किया। इन्हें सामान्य निर्माण सामग्री की तरह वाणिज्यिक कंटेनर ट्रकों में लादा गया और उसके बाद रूस में हवाई ठिकानों के आसपास के इलाकों में भेजा गया। एक खास समय पर इन सभी ड्रोन को उड़ाया गया और हवाई अड्?डों पर खड़े विमानों को निशाना बनाया गया। यह पहला मौका नहीं है जब यूक्रेन ने नियमित वाणिज्यिक लॉजिस्टिक को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। खबरें बताती हैं कि 2022 में क्राइमिया द्वीप को रूस से जोड़ने वाले केर्च पुल पर हुए हमले, जिसने कई सप्ताह तक रूस के सैन्य यातायात को बाधित किया था और जो प्रतीकात्मक रूप से बहुत प्रभावी था, उसे भी प्लास्टिक ढोने वाले एक ट्रक की आड़ में अंजाम दिया गया था। विस्फोटकों को प्लास्टिक के ढेर में छिपाया गया था और इसे आर्मीनिया और जॉर्जिया से होते हुए क्रीमिया की ओर भेजा गया था। ऐसे ही तरीके इस्तेमाल करके करीब 120 ड्रोनों की मदद से ताजा हमला किया गया। ये ड्रोन बहुत महंगे या किसी खास गुणवत्ता के नहीं थे।

लब्बोलुआब यह कि अपेक्षाकृत छोटा और मुश्किलों से जूझ रहा देश, जिसके पास अपनी मजबूत वायु सेना तक नहीं है, उसने आधुनिक लॉजिस्टिक्स और सस्ते ड्रोन की मदद से एक महाशक्ति के सामरिक बेड़े को क्षति पहुंचा दी जो उसके परमाणु प्रतिरोधक तंत्र का हिस्सा था। ड्रोन और वैश्वीकृत दुनिया में आपसी व्यापार संपर्क के इस मेल से सुरक्षा की दृष्टि से सर्वथा नई और अप्रत्याशित चुनौती उत्पन्न हुई है। भारत में इसे खासतौर पर महसूस किया जाएगा क्योंकि हमारे कई सामरिक क्षेत्र इस लिहाज से संवेदनशील हैं। इनमें कई तो प्रमुख औद्योगिक केंद्र भी हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुताबिक यूक्रेन ने इस हमले की योजना 18 महीने पहले बनाई थी। जाहिर है यूक्रेन ने रूस में भी कुछ पकड़ बना रखी है हालांकि उन्होंने दावा किया ऐसे सभी लोगों को पहले ही वापस बुला लिया गया है। परंतु इस हमले की लागत की बात करें तो समय और संसाधन के मामले में इसमें ज्यादा खर्च नहीं आया। इस मामले में तो ये तरीके ऐसी सरकार ने आजमाए जो तीन साल से जंग में है। परंतु ऐसी कोई वजह नहीं है कि छद्म युद्ध में लगे दूसरे गैर सरकारी तत्त्व इस तरीके को नहीं आजमाएंगे।

# नीति नियम : एआई के असर के अनुमानों में भारी विविधता

**आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यानी एआई के विकास बाद जो तकनीकी क्रांति घटित होती दिख रही है उसकी किसी ऐतिहासिक तुलना के बारे में विचार कर पाना मुश्किल है। गति और संभावना दोनों ही मामलों में एआई असाधारण प्रतीत होता है। इसकी तुलना 19वीं सदी के सबसे प्रभावशाली विकास, मिसाल के तौर पर भाप के इंजन से करें। भाप के इंजन का पहला नमूना वेल्श कोयला खदान में 1804 में चलाया गया था। लेकिन लंबी दूरी की पहली रेल सेवा 1830 में शुरू हो पाई। हालिया दशकों के सबसे प्रभावशाली तकनीकी बदलाव यानी इंटरनेट से तुलना करें तो भी एआई की गति बहुत ही तेज है। बहरहाल, वास्तविक मुद्दा यह है कि अतीत की कुछ ही तकनीक ऐसी रहीं जिनकी बदौलत इतनी अनिश्चितता पैदा हुई। यह सही है कि कोई यह अनुमान नहीं लगा सका था कि इंटरनेट समाज में क्या बदलाव लाएगा, लेकिन एआई के प्रभाव को लेकर लोगों की अपेक्षाओं में खासा अंतर है। आइए बात करते हैं उन चार क्षेत्रों की जिनके मामले में एआई के प्रभाव के अनुमानों ने भारी अंतर दर्शाया है।**



मिहिर एस शर्मा।

**वैश्विक असमानता :** पिछली कई तकनीक ऐसी रहीं जिन्होंने विकसित और विकासशील देशों के बीच समता कायम करने में मदद की। आईटी क्रांति और इंटरनेट ने भारत के लोगों को कुछ सेवाओं के मामले में पश्चिम की कंपनियों और लोगों से प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया। नई तकनीक द्वारा निर्मित आर्थिक अधिशेष फिर चाहे वह उपभोक्ताओं का हो या उत्पादकों का, विभिन्न देशों के बीच साझा किया गया। हमें नहीं पता कि एआई के लिए भी यह बात सही होगी या नहीं। एक दृष्टिकोण यह है कि एआई का विस्तार हर जगह कामगारों की उत्पादकता बढ़ाएगा। यह भाषाई अंतरों के कारण उत्पन्न दिक्कतों को हल करेगा और क्षमता की कमी से जूझ रहे विकासशील देशों में सरकारी सेवाओं के लिए अधिक किफायती प्रावधान करेगा। इसका विभिन्न देशों के कल्याण पर भी समतापूर्ण प्रभाव पड़ेगा। परंतु कुछ अन्य लोगों का मानना है कि एआई के मामले में पहले कदम उठाने वाले को पिछली तकनीकों की तुलना में कहीं अधिक लाभ हासिल होगा क्योंकि उनका अनुकरण करना आसान था। जिनके पास अधिक कंप्यूटिंग क्षमता होगी, जो अपने अलगोरिद्म को जल्दी प्रशिक्षित कर सकेंगे, उन्हें इसमें बढ़त हासिल हो सकती है। अधिकांश एआई मॉडल्स में इस्तेमाल किए जाने वाले पेटेंट और स्वामित्व सूचना केवल कुछ देशों तक सीमित वित्त के पूल द्वारा नियंत्रित होती हैं। ऐसे में उन्हें असमान रूप से लाभ होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो हम निश्चित तौर पर नहीं कह सकते कि एआई से विकासशील और विकसित देशों के बीच का अंतर कम होगा या बढ़ेगा।

**रोजगार :** सभी तकनीकें जब उद्योग जगत में पेश की गईं तो या तो उन्होंने रोजगार तैयार किए या उन्हें खत्म किया। परंतु एआई के साथ अनुमान खासतौर पर विशिष्ट हैं। डेरियो अमोदेई जो एंथ्रोपिक एआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, उन्होंने पिछले दिनों एक्सियोस से कहा कि उनका सबसे अच्छा अनुमान यह है कि 'एआई अगले एक से पांच साल में शुरुआती स्तर के आधे दफ्तरी कामकाज की जगह ले लेगा और बेरोजगारी में 20 फीसदी तक का इजाफा होगा।' उन्होंने कहा कि सरकारों को तकनीक, वित्त, कानून, परामर्श तथा अन्य पेशों में बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने को लेकर तैयार रहना चाहिए। दूसरों का दावा है कि लंबी अवधि में एआई का सकारात्मक असर होगा जो उत्पादकता में वृद्धि के रूप में सामने आएगा। उसके बाद चौतरफा नई भूमिकाएं तैयार होंगी और वेतन भत्ते भी नए रूप में सामने आएंगे। अधिकांश नियोक्ता अमोदेई से सहमत नहीं हैं। विश्व आर्थिक मंच के सर्वेक्षण पर आधारित एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि एआई के कारण 2030 तक करीब 9.2 करोड़ नौकरियां जाएंगी लेकिन 17.8 करोड़ नए रोजगार तैयार होंगे। उनके सर्वेक्षण में शामिल 1,000 बड़े वैश्विक नियोक्ताओं ने पाया कि आधे से अधिक लोगों का अनुमान है कि 2030 तक उनका वेतन बिल बढ़ेगा जबकि 8 फीसदी लोगों ने राजस्व में वेतन की हिस्सेदारी कम होने की उम्मीद की।

रचनात्मकता: एआई इंसानी रचनात्मकता में क्या करेगा? बेहतर से बेहतर एआई इंजन के आगमन के बाद हम खुद को अधिक अभिव्यक्त कर सकेंगे या कम? इस पर मत बंटे हुए हैं। तमाम सोशल नेटवर्क में एआई द्वारा तैयार दृश्य कला रूप उपस्थित हैं। अधिकांश छोटे कारोबार अब नि:शुल्क एआई चित्र तैयार करके काम चला रहे हैं। चित्रों का निर्माण, संगीत और गीत आदि इस बात पर निर्भर हैं कि एआई को किस गुणवत्ता के कमांड दिए जा रहे हैं। ये इंसानी रचनाकारों की प्रतिभा और उनके कौशल पर आधारित नहीं हैं। इंसानी कलाकार और डिजाइनर कहते हैं कि यह जेनरेटिव नहीं बल्कि रीजेनरेटिव है। यानी वास्तविक कलाकारों ने जो कलाकृतियां बना दी हैं ऑनलाइन अलगोरिद्म उनका अकल्पनीय मिश्रण करके इन्हें तैयार करता है। अगर नई कलाकृतियां नहीं बनेंगी तो एआई आधारित कला रूप बस पुरानी कलाकृतियों का अनुकरण ही करता रह जाएगा। नवीनता केवल इंसान ही पैदा कर सकता है और अगर उन्हें ही रचनात्मक प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा तो रचनात्मकता में शायद इतिहास में पहली बार ठहराव की स्थिति बन जाएगी।

**मनुष्यता का अस्तित्व :** औद्योगिक क्रांति जीवाश्म ईंधन पर आधारित थी जिसके चलते आखिरकार ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति बनी और कई इंसानी समुदायों के अस्तित्व को ही खतरा उत्पन्न हो गया। कुछ लोगों का मानना है कि एआई के जोखिम अधिक तात्कालिक और बड़े हैं। यहां तक कि दो साल पहले सिलिकन वैली के कुछ लोगों ने भी चेतावनी दी थी कि एआई से संबंधित जोखिम चकित करने जैसे बड़े हैं। सेंटर फॉर एआई सेफ्टी ने जून 2023 में कहा था कि महामारी और परमाणु युद्ध जैसे अन्य जोखिमों के साथ-साथ एआई के कारण विनाश के जोखिम को कम करना वैश्विक प्राथमिकता होनी चाहिए।

# वैश्विक व्यापार संचालन में नयापन लाने का वक्त

अमिता बत्रा।



अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा जवाबी शुल्क के क्रियान्वयन पर 90 दिन के स्थगन की घोषणा में से तकरीबन 60 दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से लगभग रोज ही मित्र और अमित्र राष्ट्रों तथा अमेरिकी कंपनियों को नित नई टैरिफ संबंधी धमकी दी जा रही है। इस अनिश्चित व्यापार नीति संदर्भ के कारण जहां प्रवृत्तियों को समझना मुश्किल हो गया है वहीं वैश्विक व्यापार के नए उभार के कुछ आरंभिक संकेतों को समझना आवश्यक है। पहली बात, अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा के समझौते के तहत तैयार वस्तुओं और वाहन व वाहन कलपुर्जों में मूल्यवर्धन को जवाबी शुल्क से रियायत अमेरिका द्वारा इस टैरिफ के तर्कहीन निर्धारण की प्रारंभिक स्वीकृति थी। इसमें कुछ भी चकित करने वाला नहीं था क्योंकि इसमें एक क्षेत्रीय व्यापार समझौते के सहयोगी और साझेदार देश शामिल थे। हालांकि चीन के साथ घटा घटनाक्रम कुछ अलग कहानी बयान करता है। जिनेवा में एक सप्ताहांत से थोड़ा कम चली बातचीत के बाद अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को 90 दिनों के लिए 125 फीसदी से कम करके 10 फीसदी कर दिया गया। यह इस बात की स्वीकारोक्ति थी कि वैश्विक मूल्य श्रृंखला यानी जीवीसी में चीन के महत्त्व को देखते हुए चीन के आयात पर उच्च टैरिफ लागू करना प्रमुख तौर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को ही नुकसान पहुंचाने वाला साबित होगा। चीन जीवीसी के केंद्र में बना हुआ है और टैरिफ, तकनीक तथा निर्यात संबंधी प्रतिबंधों के बावजूद वह कलपुर्जों और घटकों का सबसे बड़ा निर्यातक और आयातक बना रहा। ये प्रतिबंध ट्रंप के पहले कार्यकाल में लगाए गए और जो बाइडन के कार्यकाल में इनमें और इजाफा हुआ।

दूसरी बात, राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा और 90 दिन की अवधि में अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के लिए तेजी से बातचीत की उम्मीदें सही साबित नहीं हो रहीं। 90 दिन में आधी से अधिक अवधि बीत चुकी है और अब तक अमेरिका केवल दो व्यापार समझौतों को अंजाम दे सका है। एक यूनाइटेड किंगडम के साथ और दूसरा चीन के साथ। अन्य प्रमुख साझेदार मसलन यूरोपीय संघ, जापान और दक्षिण कोरिया जो 'लिबरेशन डे' की घोषणा के बाद अमेरिका के साथ व्यापारिक वार्ता के लिए उत्सुक नजर आ रहे थे, उन्होंने अब प्रतीक्षा करने की नीति अपनाई है।

शायद वे अमेरिका द्वारा टैरिफ में और कटौती की स्थिति में अपनी वार्ता संबंधी रणनीतियों को नए सिरे से तैयार करना चाहते हैं। यह बात स्पष्ट है कि जापान और यूरोपीय संघ ने पिछले महीने के दौरान अपेक्षाकृत कड़ा रुख अपनाया है। जापान को यूनाइटेड किंगडम की तुलना में कहीं अधिक ऊंचे स्तर के टैरिफ के चलते वार्ता करनी पड़ रही है। हालांकि, वह धातुओं (एल्युमिनियम और स्टील) और वाहनों तथा वाहन कलपुर्जों पर टैरिफ समाप्त करने की मांग पर अडिग है। निप्पॉन स्टील कॉरपोरेशन और यूएस स्टील कॉरपोरेशन के बीच साझेदारी की जापान की पुरानी मांग पर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रचार अभियान के दौरान रुख में हाल ही में आए बदलाव से अब अमेरिका-जापान व्यापार समझौते से संबंधित वार्ता आसान हो सकती है। यूरोपीय संघ अपने दम पर अमेरिकी टैरिफ का विरोध कर रहा है और इसके साथ ही उसने अन्य प्रमुख कारोबारी साझेदार देशों के साथ व्यापार समझौतों की गति भी तेज कर दी है। तीसरा, अमेरिका के साथ जिन व्यापार समझौतों को लेकर बातचीत की जा रही है, वे सीमित कवरेज वाले 'छोटे कारोबारी समझौते' हैं। ये समझौते क्षेत्र विशेष से संबंधित हैं और उन वर्तमान या संभावित क्षेत्रों पर केंद्रित हैं जो जवाबी शुल्क के शिकार हो सकते हैं। इनमें सामरिक क्षेत्र, कृषि जिंस और डिजिटल कारोबार आदि शामिल हो सकते हैं। उदाहरण के लिए अमेरिका-यूके आर्थिक समृद्धि समझौता मुख्य रूप से अमेरिका से होने वाले मांस के निर्यात और यूनाइटेड किंगडम से होने वाले वाहन निर्यात पर टैरिफ कम करता है। सीमित क्षेत्रवार कवरेज वाले व्यापार समझौते इन अनिश्चित समय में लाभदायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, यह मानने की जरूरत है कि अमेरिका के साथ ये छोटे व्यापार सौदे कांग्रेस की मंजूरी से नहीं बल्कि कार्यकारी आदेश के जरिये किए जा रहे हैं। ऐसे में जहां इन्हें तेजी से अंजाम दिया जा रहा है वहीं इनसे पीछे भी हटा जा सकता है। इसके अलावा, सभी कारोबारों को पर्याप्त रूप से शामिल न करते हुए और पूर्ण मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए घोषित इरादे को शामिल न करके, ये विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानकों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में संक्षिप्त व्यापार समझौते एक ऐसी प्रवृत्ति की शुरुआत कर रही हैं जो डब्ल्यूटीओ के अनुपालन वाले एफटीए से अलग हैं। चौथी बात, एक और प्रवृत्ति जो मजबूत हो सकती है, वह है टैरिफ के वैश्विक औसत स्तर में वृद्धि की संभावना।

अमेरिका और चीन तथा अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम दोनों के बीच व्यापार समझौतों में 10 फीसदी का आधार टैरिफ बना रहना इस ओर संकेत करता है कि यह आगे बरकरार रहेगा और पूरी संभावना है कि इसे अन्य व्यापारिक समझौतों तक विस्तारित किया जाएगा। यह खुद-ब-खुद औसत अमेरिकी प्रभावी टैरिफ दर को जनवरी 2025 के स्तर से चार गुना कर देती है। अगर अन्य टैरिफ मसलन धातु पर लगने वाले शुल्क या फेंटानाइल पर लगने वाले शुल्क को शामिल कर लिया जाए तो मौजूदा अमेरिकी औसत प्रभावी दर 20 फीसदी हो जाती है। इसके अलावा, अन्य देशों द्वारा जवाबी टैरिफ लगाए जाने की संभावना की अनदेखी नहीं की जा सकती। खासतौर पर इसलिए क्योंकि व्यापार सौदे उम्मीद के मुताबिक नहीं भी हो सकते हैं, उनमें देरी हो सकती है या फिर शायद उनसे मुकरा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर ऐसा किया करते हैं। उदाहरण के लिए यूरोपीय संघ और चीन ने वार्ता में देरी और अमेरिका द्वारा उच्च टैरिफ लागू करने की धमकियों के बीच यह स्पष्ट कर दिया कि वे भी जवाबी कार्रवाई करेंगे।

# भविष्य की महाशक्ति का उद्घोष, आर्थिक वृद्धि से हो रहा विकसित भारत का निर्माण

**मेक इन इंडिया ने विनिर्माण को पुनर्जीवित किया और निवेशकों का भरोसा बहाल किया। ईज आफ डूइंग बिजनेस में भारत की रैंकिंग 2014 में 142 से 2020 में 63 पर आ गई। इसने देश की आर्थिक सेहत सुधारने के साथ शासनतंत्र की मानसिकता भी बदली। पीएम मोदी की डिजिटल इंडिया मुहिम ने देश के कोने-कोने को इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं से जोड़ा। इससे न सिर्फ सरकारी सेवाएं सुलभ हुईं, बल्कि डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिला।**

नवनीत सहगल।



भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मुहाने पर पहुंच गया है। 4.186 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। यह उपलब्धि मात्र आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों के संघर्ष, परिश्रम और सपनों की तस्वीर है। एक दशक पहले भारत कई आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रहा था, लेकिन आज यह दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर चुका है। जहां तमाम देश आज कई मोर्चों पर अनिश्चितता और आशंकाओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत मजबूत और स्थिर नेतृत्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हालांकि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मजबूत नेतृत्व, साहसी नीतियों और जनभागीदारी की बदौलत भारत ने यह मुकाम हासिल किया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर चलते हुए मोदी सरकार ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। आर्थिक विकास का यह माडल केवल महानगरों या अमीर तबकों तक सीमित नहीं रहा। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। करीब दो ट्रिलियन डालर (लाख करोड़) की अर्थव्यवस्था और कई नीतिगत समस्याएं देश की गति को रोक रही थीं। अगले दस वर्षों में भारत ने एक के बाद एक आर्थिक सुधारों और नीतिगत फैसलों के जरिये विकास की रफ्तार तेज कर दी। 2019 में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवां स्थान प्राप्त किया और अब जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर पहुंचने को है। आईएमएफ और विश्व बैंक, दोनों ने इसकी पुष्टि की है। भारत की आर्थिक प्रगति के मूल में सुधारों की सशक्त नींव रही है। जीएसटी ने देश को एकीकृत बाजार में बदला, कर प्रणाली को सरल बनाया और राजस्व बढ़ाया। इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड ने बैंकिंग क्षेत्र को मजबूती दी और ऋण प्रणाली में अनुशासन लाया। यूपीआई जैसी प्रणालियों ने डिजिटल भुगतान को इतना आसान बना दिया कि 2024 तक हर महीने 14 अरब से अधिक लेनदेन इससे हो रहे थे। जनधन योजना, आधार और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ने करोड़ों लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ा और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाई। इसके अलावा सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। भारतमाला, सागरमाला और स्मार्ट सिटी मिशन जैसे प्रोजेक्ट्स के तहत सड़कों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और शहरी विकास पर अभूतपूर्व निवेश हुआ। 2014 से 2024 तक भारत में 80,000 किमी से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ। पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और हर घर जल जैसी योजनाओं ने गांवों और शहरों का कायाकल्प किया। इसके साथ ही उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के जरिये मोबाइल, फार्मा, इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाइल और रक्षा उत्पादों के घरेलू निर्माण को जबरदस्त बढ़ावा मिला। इस सबके बीच भारत ने ग्लोबल बिजनेस में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई।

**मेष:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ:** नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन संभव है। लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा। धनलाभ सहज होगा।

**कर्क:** पुराना रोग परेशानी तथा बाधा का कारण बन सकता है। लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा यथासंभव टालें। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह:** नजदीकी वातावरण सुखद रहेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**कन्या:** कानूनी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी में अधीनस्थ कर्मचारी सहयोग करेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे।

**तुला:** नौकरी में तनाव रहेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें। किसी नजदीकी व्यक्ति से संबंध बिगड़ सकते हैं। पुराना रोग उभर सकता है।

**वृश्चिक:** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे होंगे।

**धनु:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मित्रों तथा परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। शोध इत्यादि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। संगीत इत्यादि रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जोखिम न उठाएं।

**मकर:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। प्रमाद न कर भरपूर प्रयास करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। धनलाभ सहज होगा।


**कुंभ:** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। सहकर्मी साथ देंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। अध्यात्म में रुचि रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**मीन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। फालतू खर्च होगा। आय में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

# दीपिका की 8 घंटे शिफ्ट डिमांड पर बहस जारी

## मणिरत्नम-सैफ का समर्थन, राधिका आप्टे बोलीं- मां बनने के बाद लंबी शूटिंग मुमकिन नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों फिल्म स्पिरिट से बाहर निकलने को लेकर चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक, दीपिका ने फिल्म के सेट पर रोजाना केवल आठ घंटे काम करने सहित कुछ शर्तें रखीं थीं, जिन्हें निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कोई दीपिका की तारीफ कर रहा है, तो कोई इसे 'अनरियलिस्टिक' बता रहा है।











### मणिरत्नम ने किया दीपिका का समर्थन

मशहूर निर्देशक मणिरत्नम ने हाल ही में अपनी फिल्म ठग लाइफ की रिलीज से पहले इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है यह एक सही मांग है। मुझे खुशी है कि वह (दीपिका) ऐसी स्थिति में है कि वो ये मांग कर सकती है। मुझे लगता है कि एक फिल्ममेकर के तौर पर जब आप कास्ट करते हैं, तो आपको इसे ध्यान में रखना चाहिए। यह कोई बेवजह की बात नहीं है, बल्कि एक जरूरी चीज है। इसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आपको इसे स्वीकार करना होगा, समझना होगा और इसके मुताबिक काम करना होगा।

### सैफ बोले- असली सफलता है परिवार संग वक्त बिताना

एक्टर सैफ अली खान ने भी हाल ही में एक इवेंट अरब मीडिया समिट में पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बैलेंस पर बात की। उन्होंने कहा, असली सफलता वही है जब आप अपने परिवार के साथ वक्त बिता सकें। मुझे अच्छा नहीं लगता जब मैं देर से घर लौटूं और मेरे बच्चे सो चुके हों। सैफ ने बताया कि छुट्टियों में वह काम से पूरी तरह दूर रहते हैं ताकि अपने बच्चों के साथ समय बिता सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब वह उस दौर में हैं, जहां उन्हें अपनी मां और बच्चों दोनों की देखभाल करनी होती है।

### करियर में ज्यादातर 16-18 घंटे तक काम किया है : राधिका आप्टे

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब एक्ट्रेस राधिका आप्टे से पूछा गया कि क्या फिल्म इंडस्ट्री में नई माओं को प्रेरणा और समर्थन मिल रहा है? तो हाल ही में मां बनी राधिका ने कहा, मैंने समझ लिया है कि भारत में जिस तरह से काम होता है, वह अब मेरे लिए संभव नहीं है क्योंकि यहां एक सामान्य शिफ्ट ही कम से कम 12 घंटे की होती है। इसमें मेकअप का समय शामिल नहीं होता। हेयर और मेकअप मिलाकर यह 13 घंटे हो जाता है, ऊपर से ट्रैवल का समय भी जोड़ लीजिए और कोई शूटिंग समय पर खत्म नहीं होती। राधिका आप्टे ने आगे कहा,अगर शूटिंग समय पर खत्म न हो, तो यह 15 घंटे से भी ज्यादा हो जाता है। मैंने अपने करियर में ज्यादातर 16-18 घंटे तक काम किया है, लेकिन अब यह मेरे लिए मुमकिन नहीं है। मैं ऐसा नहीं कर सकती, क्योंकि अगर मैंने ऐसा किया, तो मैं कभी अपनी बेटी को देख ही नहीं पाऊंगी।

### कॉन्ट्रैक्ट्स में कुछ नई शर्तें जोड़नी पड़ सकती हैं : राधिका आप्टे

राधिका आप्टे ने कहा कि उन्हें अपने कॉन्ट्रैक्ट्स में कुछ शर्तें जोड़नी पड़ सकती हैं। राधिका ने कहा, अब मुझे अपने कॉन्ट्रैक्ट्स में नई शर्तें रखनी होंगी और मुझे पता है कि बहुत से लोगों को इससे दिक्कत होगी। फिल्म सेट्स पर बहुत सारी महिलाएं होती हैं। हम जेंडर इक्वालिटी की बातें करते हैं, और कई डिपार्टमेंट्स में महिलाएं काम कर रही हैं, लेकिन मैं जानना चाहती हूं कि उनमें से कितनी महिलाओं के बच्चे हैं क्योंकि हमारी संस्कृति में यह मान लिया गया है कि अगर पुरुष अपने बच्चों को न देखें तो कोई बात नहीं, लेकिन माओं के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं होता। इसलिए जिन महिलाओं के छोटे बच्चे होते हैं, उनके लिए इस इंडस्ट्री में काम कर पाना मुश्किल है, जब तक कि वे अपने बच्चों को सेट पर साथ न लाएं।

### अजय बोले- अब 8-9 घंटे की शिफ्ट चलन

में इससे पहले एक्टर अजय देवगन ने भी इस मामले में दीपिका का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था, ऐसा नहीं है कि लोगों को यह बात समझ नहीं आ रही। ज्यादातर ईमानदार फिल्ममेकर को इससे कोई परेशानी नहीं होगी। और इसके अलावा, मां होना और दिन में आठ घंटे काम करना, अब तो ज्यादातर लोग आठ-नौ घंटे की शिफ्ट्स में ही काम कर रहे हैं। वहीं, एक ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस काजोल ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा, मुझे अच्छा लगता है जब कोई कम समय में काम करना चाहता है।

# धूम 4 में नए लुक में नजर आएंगे रणबीर कपूर

## आदित्य चोपड़ा ने फिल्म की स्टोरी पर शुरू किया काम; फैंस बोले- अब मचेगी असली धूम




रणबीर कपूर फिल्म धूम 4 में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में उनका लुक पूरी तरह से नया और अलग होगा, जिसकी तैयारी उन्होंने शुरू भी कर दी है। अब हालिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि धूम 4 अब तक की सभी धूम फिल्मों से बड़ी साबित होने वाली है और इसकी कहानी भी काफी एक्शन से भरपूर होगी। आदित्य चोपड़ा धूम 4 की कहानी और स्क्रीनप्ले श्रीधर राघवन के साथ मिलकर तैयार कर रहे हैं। वे फिलहाल ऐसी कहानी के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जो इस रीबूट (किसी पुरानी फिल्म, सीरीज या फ्रेंचाइजी को नई शुरुआत देना) को लेकर दर्शकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरे। रिपोर्ट में रणबीर और उनके रोल के बारे में कहा कि रणबीर इस फिल्म के लिए बिल्कुल सही हैं। उनका रोल उनकी पर्सनैलिटी के हिसाब से बनाया गया है। नई धूम फिल्म की एक्शन और कहानी ऐसी होगी जो दुनिया के बेहतरीन एक्शन फिल्मों के स्तर पर खड़ी होगी। साथ ही इस फिल्म का अंदाज और दिखावट पहले की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्मों से पूरी तरह अलग होगा। वहीं, 2026 की गर्मियों से धूम 4 की शूटिंग शुरू करेंगे।

**फैंस ने जताई खुशी :** इस अनाउंसमेंट के बाद यूजर्स के रिएक्शन भी सामने आने लगे हैं। कुछ ने फिल्म में रणबीर कपूर के होने पर खुशी जताई है, जबकि कुछ ने फिल्म में ऋतिक रोशन को कास्ट करने की मांग की है। बताते चलें कि धूम फ्रेंचाइजी की 3 फिल्में, धूम, धूम 2 और धूम 3 रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे, जबकि दूसरी फिल्म धूम 2 में अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में थे। साल 2013 में रिलीज हुई धूम 3 में आमिर खान ने डबल रोल निभाया था, जबकि उनके साथ कटरीना कैफ भी थीं।

**रणबीर कपूर के खाते में कई बड़ी फिल्में :** आने वाले सालों में रणबीर कपूर कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। फिलहाल उनके पास नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही मेगाबजट फिल्म रामायण है, जिसमें वो भगवान श्री राम का रोल प्ले करेंगे। इसके अलावा वो संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल पार्क में भी नजर आने वाले हैं। कुछ समय पहले ही रणबीर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर साइन की है, जिसमें वो विक्की कौशल और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाले हैं।

# मैं दो फिल्मों के लिए अपनी प्राइस मनी छोड़ चुका हूं इसमें किसी को दोष नहीं दूंगा : राज कुमार गुप्ता

आमिर जैसी चर्चित फिल्म से निर्देशन में आगाज करने वाले डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता ने नो वन किल्ड जेसिका, घनचक्कर, रेड वन और रेड टू जैसी फिल्में दी हैं। उनकी हाल ही रिलीज हुई रेड 2 को क्रिटिक्स ने भी प्यार दिया और बॉक्स ऑफिस ने भी।

**सिनेमा के अपने अनुभवों के आधार पर आपको क्या लगता है, बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा फिल्में क्लिक नहीं हो पा रही हैं? हालांकि आपकी फिल्म रेड 2 को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है?**

राज कुमार गुप्ता बोले-ये सच है, सिनेमा के 100 साल से भी ज्यादा वक्त हो चुका है, मगर बॉक्स ऑफिस को तो कोई भी क्रैक नहीं कर पाया है और मैं समझता हूं कि यही सिनेमा का मैजिक भी है। किसी को नहीं पता कि क्या चलेगा? इसी के चलते अलग -अलग तरह की फिल्में आती हैं। लोगों को लगता है कि ये फिल्म खूब चलेगी, मगर चलती नहीं है, मगर जिस फिल्म से उम्मीद नहीं होती, वही चल भी जाती है।

**क्या आप मानते हैं कि फिल्म में बड़े स्टार्स का बजट भी बॉक्स ऑफिस के रिटर्न्स को प्रभावित करता है? लंबे समय से स्टार्स की प्राइस मनी को कम करने की बात चल रही है?**

मैं स्वयं निर्माता तो नहीं हूं, मगर इतना जरूर कह सकता हूं कि फिल्म निर्माण में अलग-अलग विभागों में बजट लगता है। ये सच है कि पूरी इंडस्ट्री इस बात को लेकर एकमत हो रही है कि हमें अपने बजट को कंट्रोल करना पड़ेगा। फिल्म निर्माण में बहुत अलग-अलग तरीके से बजट खर्च होते हैं, चाहे वो एक्टर्स की प्राइज मनी हो या फिर दूसरी फीस हों, तो ओवरऑल बजटिंग के सेन्स को लेकर लोग जागरूक हो रहे हैं। ओवरऑल बजट पर लगाम लगेगी, तो बॉक्स ऑफिस पर रिकवरी भी आसान होगी।

**क्या फिल्म निर्देशन के दौरान आपने कभी अपना मेहनताना छोड़ा है या कम किया है?**

जी, बिल्कुल किया है। अभी मैं उसकी डिटेलिंग में नहीं जाना चाहूंगा, मगर मैंने दो फिल्मों में अपनी प्राइस मनी छोड़ी है। मैं इसमें किसी को दोष नहीं दूंगा, मगर कई बार बार निर्देशक के रूप में मुझे जो विजन चाहिए, उसको परिपूर्ण करने में मैंने छोड़ा है। मुझे लगता है कि फिल्म का निर्देशक होने के नाते मैं ही नहीं दूसरे फिल्ममेकर भी ऐसा करते होंगे।

**आपके करियर की बात करूं तो आपके लिए सबसे कठिन दौर क्या था?**

सबसे मुश्किल दौर तो पहली फिल्म बनाने का होता है। मगर ऐसा नहीं है कि दूसरी फिल्म आसान हो जाती है। आपकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चली हो या न चली हो, एक मेकर के लिए चुनौतियां कभी नहीं होतीं, मगर हां पहली फिल्म के दौरान आप स्ट्रगल कर रहे होते हैं, आपको कोई नहीं जानता और आपके काम से भी कोई वाकिफ नहीं होता। तब जब आप किसी को असिस्टेंट के रूप में हायर करने जाते हैं, तब भी वो आपको ऐसे देखता है कि मैं इसका असिस्टेंट क्यों बनूं। एक्टर्स मिलना तो दूर की बात होती है। ये सिलसिला तब तक चलता रहता है, जब तक आपकी कोई फिल्म आ नहीं जाती। मगर फिर पहली फिल्म के बाद आपका काम अच्छा हो, तो एक पहचान तो मिल ही जाती है। मुझे अपनी पहली फिल्म बनाने में पूरे छह साल लग गए। पहले दो साल तक तो मैं स्क्रिप्ट पर काम करता रहा। मुझे अपनी फिल्म आमिर जैसे विषय पर फिल्म बनाने के लिए लंबे समय तक लोगों को कन्विंस भी करना पड़ा। हालांकि मैं अनुराग कश्यप की दो फिल्मों ब्लैक फ्राइडे और नो स्मोकिंग में असोसिएट डायरेक्टर था। मैंने टीवी पर कगार जैसे एपिसोडिक कहानियों का निर्देशन किया था। ये 45 मिनट्स की शॉर्ट स्टोरी हुआ करती थीं। मैं साथ में आमिर की स्क्रिप्ट भी लिखता जा रहा था, मगर स्वतंत्र निर्देशक के रूप में आमिर को लाने में मुझे कई तरह के पापड़ बेलने पड़े थे।



**आपने तो अनुराग कश्यप के साथ असोसिएट निर्देशक के रूप में काम किया है। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री को टॉक्सिक कह कर इससे किनारा करने के बात कही, और भी कई बॉलीवुड वाले ये बातें कर रहे हैं, आपको कभी इस तरह के अनुभव से गुजरना पड़ा है?**

मैंने अनुराग कश्यप का वो बयान पढ़ा था। बाकी लोगों के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। मगर मैंने ऐसा कोई टॉक्सिक माहौल महसूस नहीं किया, मगर हां फिल्ममेकिंग के नॉर्मल स्ट्रगल से तो मुझे गुजरना ही पड़ा है। अपने निर्माता और एक्टर्स के मामले में मैं खुशकिस्मत हूं, मुझे कभी कोई कटु अनुभव नहीं हुआ।

# 'महाभारत' मेरी आखिरी फिल्म होगी, यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट, जिसे करने के बाद शायद मुझे लगे कि अब कुछ और करने को नहीं बचा : आमिर



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने कहा कि 'महाभारत' फिल्म उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है और संभव है कि यही उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि महाभारत की कहानी इतनी भावनात्मक, भव्य और गहराई से भरी हुई है कि इसे करने के बाद शायद उन्हें लगे कि अब कुछ और करने को बाकी नहीं बचा। हाल ही में राज शमानी के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जब आमिर से सवाल किया गया कि अगर आमिर खान अपनी आखिरी फिल्म बना रहे हैं तो आप किस विषय पर फिल्म बनाना चाहेंगे? तो इस सवाल का जवाब देते हुए आमिर खान ने कहा, मेरा सपना यह है कि मैं महाभारत बनाऊं और मैं अब इस पर काम शुरू कर रहा हूं। इसकी (सितारे जमीन पर) रिलीज के बाद मैं इस पर काम शुरू कर रहा हूं। 20 जून के बाद मैं महाभारत पर काम शुरू कर दूंगा।

**महाभारत के बाद शायद कुछ और बाकी न रहे :** आमिर खान ने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह एक ऐसा काम है, ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसे करने के बाद शायद मुझे लगे कि अब इसके बाद कुछ और करने को नहीं बचा क्योंकि इसका जो मटेरियल है, वो इतना भव्य है, अद्भुत है, परतों से भरा हुआ है। दुनिया में जो कुछ भी है, वो महाभारत में मिल जाता है। हालांकि, सवाल का जवाब देते हुए आमिर खान ने ये भी कहा कि मैं चाहता हूं कि काम करते-करते ही दुनिया से जाऊं, लेकिन अगर कोई आखिरी प्रोजेक्ट सोचूं तो शायद वह 'महाभारत' ही हो। आमिर खान ने कहा, वैसे तो मेरी उम्मीद है कि मैं काम करते-करते ही मरूं। जैसे कि एके हंगल जी कहा करते थे कि मैं काम करते हुए ही जाना चाहता हूं, लेकिन चूंकि आप पूछ रहे हैं, तो एक बात जो मेरे मन में आती है, वो यही है कि अगर मैंने महाभारत कर ली, तो शायद मुझे लगे कि अब इसके बाद कुछ करने को नहीं है।

**महाभारत एक फिल्म में नहीं समा सकती :** आमिर इससे पहले, हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में, आमिर ने महाभारत के बारे में बात करते हुए कहा था, आप महाभारत को एक ही फिल्म में नहीं दिखा सकते। इसलिए मैं इसे कई फिल्मों में बनाने की सोच रहा हूं और अगर हमें इसे एक तय समय सीमा में पूरा करना है, तो हमें शायद कई डायरेक्टर्स की भी जरूरत पड़ सकती है। अगर हम इसे एक के बाद एक बनाते हैं, तो इसमें बहुत ज्यादा समय लग जाएगा।

## नॉर्वे चेस : अर्जुन को हराकर नंबर-2 पर आए गुकेश

### टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत, पिछले मैच में वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को हराया था



स्टावेंजर (नॉर्वे)।

वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने 7वें दौरे में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। 19 साल के गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले राउंड में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मिली इस जीत से गुकेश ने एरिगैसी से दूसरे राउंड में मिली हार का बदला चुकता भी किया।

#### पिछले चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़ा

गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं। उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर टॉप पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

#### हार से 5वें नंबर पर आए एरिगैसी

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गईं।

## इंडोनेशिया ओपन में सिंधु ने रोमांचक मुकाबले में दर्ज की जीत, लक्ष्य सेन बाहर

नई दिल्ली।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर (राउंड ऑफ 32) में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराते हुए तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की और लक्ष्य सेन को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने यह मुकाबला 22-20, 21-23, 21-15 से अपने नाम किया, जो कुल 1 घंटा 19 मिनट तक चला। पहला गेम जीतने के बाद लग रहा था कि सिंधु मुकाबला सीधे गेमों में निपटा लेंगी, लेकिन ओकुहारा ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को तीसरे गेम तक खींच लिया। तीसरे गेम में सिंधु ने लगातार बढ़त बनाए रखी और ओकुहारा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इसके साथ ही सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन को सीजन की यह पांचवीं बार पहले राउंड में हार मिली। उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ 11-21, 22-20, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य मुकाबलों में अनुपमा उपाध्याय को साउथ कोरिया की किम गा युन के खिलाफ सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। दिन में बाद में एच.एस. प्रणय और पुरुष डबल्स की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अपने-अपने मुकाबले में उतरेंगे।

## नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 टूर्नामेंट अब 5 जुलाई को बेंगलुरु में

नई दिल्ली।

नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 प्रतियोगिता का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पहले यह इवेंट 24 मई को होना तय था, लेकिन सुरक्षा कारणों और देश के प्रति एकजुटता के भाव के चलते इसे पुन: निर्धारित किया गया है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने मंगलवार को जानकारी दी कि यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक टूर्नामेंट होगा, जो नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

# न्यूजीलैंड ने नई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट का ऐलान किया

## अशोक समेत चार नए चेहरों को जगह, सबसे बड़े मैच विनर को किया बाहर

नई दिल्ली।

न्यूजीलैंड ने 2025-26 सत्र के लिए अपनी नई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें चार बदलाव करते हुए मिच हे, मुहम्मद अब्बास, जैक फाउलक्स और आदि अशोक को पहली बार शामिल किया गया है। पिछले 12 महीनों में ब्लैक कैप्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद इन चारों को जगह दी गई है। इन सबके जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे और आगामी घरेलू गर्मियों में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड जैसी टीमों की मेजबानी करने के दौरान टीम में शामिल होने की संभावना है। सबसे खास बात ये है कि नई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट न्यूजीलैंड ने अपने सबसे बड़े मैच विनर को ही बाहर कर दिया है।

#### वनडे डेब्यू में सबसे तेज अर्धशतक वाले अब्बास को भी जगह

दरअसल, विकेटकीपर-बल्लेबाज मिच हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच में सिर्फ 78 गेंदों पर नाबाद 99 रन बनाकर सुर्खियां बटोरीं। वहीं, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास ने मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ अपने वनडे डेब्यू पर 26 गेंदों पर 52 रन बनाए, जो पुरुषों के वनडे में डेब्यू पर सबसे तेज अर्धशतक है। जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज फाउलक्स ने पिछले कैलेंडर वर्ष में वनडे और टी20 दोनों में डेब्यू किया था। इस बीच लेग स्पिनर आदि अशोक 2025 की शुरुआत में वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं।

#### ये बोले न्यूजीलैंड क्रिकेट सीईओ

न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वीनिंक का कहना है कि चयन भविष्य की संभावनाओं देखते हुए लिया गया है। मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे सिस्टम के माध्यम से आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं। इन खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और ब्लैक कैप्स का प्रतिनिधित्व करने की उनकी भूख रोमांचक है।









#### विलियमसन समेत पांच प्लेयर्स से बातचीत जारी

बता दें कि अनुबंध में शामिल किए गए चार खिलाड़ी टिम साउथी (सेवानिवृत्त), ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन की जगह लेंगे। वहीं, नई लिस्ट में केन विलियमसन, डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन जैसे कई दिग्गजों का नाम ही नहीं है। बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड इन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट में शामिल नहीं करेगा। इनसे आकस्मिक खेल अनुबंध को लेकर बातचीत चल रही है।

#### न्यूजीलैंड की नई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट

मुहम्मद अब्बास, आदित्य अशोक, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस, मिच हे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विलियम ओ'रुरके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और विल यंग।

## इंग्लैंड के खिलाफ जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी-20 टीम में वापसी

नई दिल्ली।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी 20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वापसी हुई है। वहीं, निकोलस पूरन को आईपीएल के व्यस्त शेड्यूल के बाद आराम दिया गया है। यह सीरीज मंगलवार को द ओवल में समाप्त हो गई वनडे सीरीज के बाद खेली जाएगी। इसके बाद वेस्टइंडीज की टीम आयरलैंड दौरे पर लौटेगी, जहां वे तीन और टी 20 मुकाबले खेलेंगे।

#### रसेल-होल्डर की वापसी, पूरन को आराम

जेसन होल्डर ने फरवरी 2024 में आखिरी बार टी20 मैच खेला था, जबकि रसेल ने नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ बारबाडोस में आखिरी बार मैदान संभाला था। दोनों खिलाड़ी अब पूरी तरह फिट हैं और टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। निकोलस पूरन ने आईपीएल के बाद आराम की मांग की थी, जिसे टीम मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया है।

#### शाई होप होंगे नए कप्तान पॉवेल को बरकरार रखा गया

शाई होप को टी 20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने रोवमैन पॉवेल की जगह ली है। पॉवेल ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3-0 से हार झेली थी, लेकिन उन्हें टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल रखा गया है। शरफेन रदरफोर्ड और शिमरोन हेटमायर भी टीम में लौटे हैं, जबकि जस्टिन ग्रेव्स, शमार स्प्रिंगर और टेरेंस हाइंड्स को इस बार टीम में जगह नहीं मिली।







#### आयरलैंड सीरीज में कुछ बदलाव, नए चेहरे को मौका

आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए ब्रैंडन किंग को छुट्टी दी गई है, उनकी जगह कीसी कार्टी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, नए टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज इंग्लैंड सीरीज के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे और उनकी जगह पहली बार जेड गूली को टीम में मौका मिला है। टीम के कोच डैरेन सैमी, फ्लॉयड रीफर और रवि रामपॉल भी इंग्लैंड सीरीज के बाद बारबाडोस लौटेंगे, जहां 13 से 21 जून तक टेस्ट कैंप लगेगा। आयरलैंड सीरीज के लिए रयॉन ग्रिफिथ को कोचिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

#### वेस्टइंडीज की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम

शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

#### आयरलैंड के खिलाफ टी 20 टीम

शाई होप (कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, जेड गूली, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

## भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच हाई-स्कोरिंग मुकाबला ड्रॉ

### बल्लेबाजों का चौथे दिन भी जलवा बरकरार



नई दिल्ली।

कैंटरबरी में भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच चार दिवसीय अभ्यास मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुकाबले में लगातार चौथे दिन सोमवार को भी बल्लेबाजों का बोलबाला रहा, जिसमें दोनों टीमों के टॉप ऑर्डर ने रनों की बारिश कर दी।

**इंग्लैंड लॉयंस की पारी में आखिरी विकेट की साझेदारी ने बढ़ाया स्कोर :** मैच के चौथे दिन की शुरुआत इंग्लैंड लॉयंस की पहली पारी से हुई, जिसमें टीम ने भारत ए के 557 रन के जवाब में 587 रन बनाए। अंतिम विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई जिसने टीम के स्कोर को 30 रन की बढ़त दिला दी।

**भारत ए की दूसरी पारी में तेज शुरुआत :** दूसरी पारी में भारत ए की ओपनिंग जोड़ी ने तेज शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन दोनों ने पहले इनिंग की असफलता को पीछे छोड़ते हुए अर्धशतक जमाए। जायसवाल ने केवल 60 गेंदों में 64 रन बनाए, जिनमें 80% रन बाउंड्री से आए। दोनों ने मिलकर 123 रन की ओपनिंग साझेदारी की, वो भी रन-रेट से तेज गति से।

**जुरेल-रेड्डी की जोड़ी ने रनों की रफ्तार को और बढ़ाया :** जायसवाल के आउट होने के बाद ईश्वरन ने थोड़ी सावधानी बरती, लेकिन ध्रुव जुरेल के क्रीज पर आते ही फिर से रनगति तेज हो गई। जुरेल ने पहली पारी में 94 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में भी 51 गेंदों पर अर्धशतक ठोका। इसके बाद नितीश रेड्डी ने भी आक्रामक बल्लेबाजी की।

# ग्लेन मैक्सवेल की 3 बेस्ट वनडे पारियां एक में तो एक पैर से किया था डबल ब्लास्ट

नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी रहे ग्लेन मैक्सवेल ने अचानक ही सोमवार को अपने वनडे क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस हरफनमौला खिलाड़ी ने 2012 में वनडे डेब्यू किया। जिसके बाद वो 13 साल तक खेलते रहे और अब उन्होंने 149 वनडे मैच के सफर को थाम लिया है। मैक्सवेल अब ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 फॉर्मेट में खेलना जारी रखेंगे।

#### ग्लेन मैक्सवेल के वनडे करियर की 3 बेहतरीन पारियां

वनडे करियर में मैक्सवेल ने करीब 4 हजार रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 136 पारियों में 4 शतक के साथ 23 अर्धशतक जड़े। ग्लेन मैक्सवेल ने कई बार वनडे में कमाल का प्रदर्शन किया है।

#### 98 बनाम पाकिस्तान (वनडे सीरीज, 2019)

ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल सालों तक खेलते रहे। उन्होंने इस दौरान वनडे में कई यादगार पारियां खेली। इस दौरान मैक्सवेल ने 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ एक शानदार पारी खेली थी। दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए सीरीज के चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए मैक्सवेल छठे नंबर पर बैटिंग करने आए। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया ने 101 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद 140 तक आधी पारी पवेलियन लौट गई। यहां से मैक्सवेल ने 82 गेंद में 98 रन बनाए। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ छठे विकेट के लिए 134 रन जोड़े। इस पारी के बूते आखिर में ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से जीत मिली।








**96 बनाम भारत (वनडे सीरीज, 2016) :** ग्लेन मैक्सवेल ने अपने करियर में कई जबरदस्त पारियां खेली हैं। लेकिन इनमें से वो भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने साल 2016 में मेलबर्न में बेहतरीन पारी खेली थी। भारत ने इस मैच में 295 रन का स्कोर खड़ा किया था। एक वक्त ऑस्ट्रेलिया ने 215 रन पर ही 6 विकेट गंवा दिए। लेकिन ग्लेन मैक्सवेल टिके रहे और उन्होंने 83 गेंद में 96 रन बनाए।

#### 201* बनाम अफगानिस्तान (वर्ल्ड कप 2023)

ना झुका, ना हारा, लड़खड़ाता रहा, लंगड़ाता रहा, लेकिन टिका रहा, डटा रहा... और एक पैर से ही खेल डाली वो पारी से जिससे वर्ल्ड क्रिकेट हैरान रह गया। ग्लेन मैक्सवेल की ये वो पारी थी, जो क्रिकेट इतिहास में अमर हो गई। इस पारी को क्रिकेट इतिहास में कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 292 रन बनाने थे। एक वक्त ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर 7 विकेट खो दिए। इसके बाद बिग शो का शो देखने को मिला। जिन्हें पैर में क्रैम्प्स आ गए। लेकिन उन्होंने एक पैर से ही 128 गेंद में 21 चौके और 10 छक्कों से हैरतअंगेज 201 रन की नाबाद पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को जबरदस्त जीत दिलायी।

## फ्रेंच ओपन : नोवाक जोकोविच ने नोरी को हराकर लगाया जीत का शतक, नडाल के क्लब में हुए शामिल

पेरिस।

फ्रेंच ओपन के तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ उन्होंने रोलां गैरों में अपना 100वां मैच जीतकर राफेल नडाल के सेंचुरी क्लब में जगह बना ली है।

#### नडाल के बाद सेंचुरी पूरी करने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी

नोवाक जोकोविच रोलां गैरों में 100 मैच जीतने वाले केवल दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले राफा नडाल ने यहां 112 मैच जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। अब जोकोविच रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर अग्रसर हैं।

#### ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी आगे निकला रोलां गैरों रिकॉर्ड

जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपने करियर की सबसे ज्यादा 100 जीत दर्ज की हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनके नाम 99 जीत दर्ज हैं। हालांकि, उन्होंने मेलबर्न में रिकॉर्ड 10 बार खिताब जीता है, जबकि पेरिस में अब तक 3 खिताब अपने नाम किए हैं।



#### बिना सेट गंवाए क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

इस साल जोकोविच का प्रदर्शन भले ही कुछ खास नहीं रहा हो, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता और अब फ्रेंच ओपन में एक भी सेट गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने नोरी के खिलाफ पहला सेट कुछ शुरुआती ब्रेक के बाद आसानी से जीता।

#### अब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी टक्कर

तीसरे सेट में जोकोविच ने तीसरे गेम में नोरी की सर्विस ब्रेक कर दी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

#### ज्वेरेव ने गलती से एक मक्खी निगल ली

जर्मन टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया है। चौथे दौर के मैच में उनके प्रतिद्वंद्वी टैलन ग्रिकस्पूर ने पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण दूसरे सेट में 6-4, 3-0 के स्कोर पर मैच छोड़ दिया ।

# फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश के स्कूल ऑफ फार्मेसी को कोर्सज शुरू करने की दी मंजूरी

**एजेंसी, उेर प्रदेश,**

यूपी अब एआई आधारित शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। इसका प्रमुख कारण है भारत का पहला एआई-सपोर्टेड मल्टीडिसिप्लिनरी कैंपस – चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी। हाल ही में सीयू यूपी के स्कूल ऑफफार्मेसी को फार्मेसी काउंसिल ऑफइंडिया 'पीसीआई' से मान्यता प्राप्त हुई है। पीसीआई ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लखनऊ कैंपस को शैक्षणिक सत्र 2025 से फार्मेसी कोर्स में 60 सीटों की पढ़ाई शुरू करने की औपचारिक स्वीकृति दी है।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी बना एआई और रिसर्च में फार्मेसी एजुकेशन का नया हब, पीसीआई की मान्यता मिलने के बाद फार्मेसी की 60 सीटें कराएगा उपलब्ध



स्कूल ऑफ फार्मेसी एआई तकनीक से सुसज्जित है, जहां इंडस्ट्री की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर एजुकेशनल मॉडल को तैयार किया गया है। यहां छात्रों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज देने की पूरी व्यवस्था है, ताकि वे भविष्य में एक सफल हेल्थकेयर प्रोफेशनल बन सकें।

रिसर्च-फोकस्ड लर्निंग के लिए हाइटेक इंफ्रास्ट्रक्चर: स्कूल ऑफ फार्मेसी में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस इकोसिस्टम डेवलप किया गया है, जहाँ छात्र फार्माकोकाइनेटिक्स, क्लिनिकल फार्मेसी, मेडिसिनल केमिस्ट्री और टॉक्सिकोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रिसर्च प्रोजेक्ट्स में सक्रिय रूप से भाग लेने के अवसर मिलेंगे। अगर सिलेबस की बात करें तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और शिक्षाविदों की मदद से इस तरह डिजाइन किया गया है कि छात्र पारंपरिक और आधुनिक दोनों विषयों को गहराई से समझ सकें और अपनी स्किल्स को इंडस्ट्री की मांगों के अनुसार धार दे सकें।

इसके साथ ही छात्रों को इंटर्नशिप और रिसर्च प्रोजेक्ट्स से जुड़े कार्यों में भाग लेने के अवसर भी मिलेंगे, जिससे उनकी पढ़ाई न केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहेगी, बल्कि व्यावहारिक और अनुभव आधारित भी बनेगी।

फार्मेसी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही प्रोफेशनल्स की मांग: ग्लोबल फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की बात करें तो 2024 से 2029 तक इसकी अनुमानित ग्रोथ दर 4.7ल है, और यह बाज़ार 2029 तक लगभग 1,454 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच सकता है। इसका मतलब है कि फार्मेसी क्षेत्र में भविष्य में भी नौकरी के बेहतरीन अवसर उपलब्ध रहेंगे। जिसको ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी ने हाइटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स, व लैब्स के साथ अनुकूल माहौल तैयार किया है। जिससे इंडस्ट्री रेडी वर्कफोर्स तैयार की जा सके।

इंडस्ट्री कोलैबोरेटेड एजुकेशन से सुनहरा भविष्य: चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उन्नाव के स्कूल ऑफ फार्मेसी में पढ़ने वाले छात्र क्लिनिकल रिसर्च एसोसिएट, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी स्पेशलिस्ट, रेगुलेटरी अफेयर्स ऑफिसर, क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट और मेडिकल राइटर जैसे क्षेत्रों में अपना करियर बना सकते हैं। यहां छात्रों को गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस, गुड लैबोरेटरी प्रैक्टिसेस और गुड क्लिनिकल प्रैक्टिसेस जैसी रेगुलेटरी ट्रेनिंग भी दी जाएगी है, जिससे वे किसी भी रेगुलेटेड इंडस्ट्री में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेंगे।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी का स्कूल ऑफ फार्मेसी शिक्षा, तकनीक और इंडस्ट्री के बेहतरीन मेल का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां के छात्र सिर्फ अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि रिसर्च, इंडस्ट्री ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के माध्यम से एक संतुलित और सफल करियर की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही यूनिवर्सिटी ने कई प्रमुख कंपनियों और संस्थाओं के साथ एमओयू किए हैं, जिससे छात्रों को नौकरी के लिए ज़रूरी स्किल्स सीखने और बेहतर करियर विकल्पों को चुनने के अनेक अवसर मिलेंगे।

स्कूल ऑफ फार्मेसी का नेतृत्व प्रो. डॉ. अमित वर्मा कर रहे हैं, जिनके पास 20 वर्षों से अधिक का अंतरराष्ट्रीय, शैक्षणिक और औद्योगिक अनुभव है। उन्होंने मेडिसिन रिसर्च, रेगुलेटरी डाक्यूमेंटेशन, ड्रग डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्रों में अहम योगदान दिया है। वे भारत और विश्व की प्रमुख संस्थाओं व फार्मा कंपनियों के साथ मिलकर काम भी कर चुके हैं।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश के बारे में

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश का लक्ष्य है कि वह सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा दे और आने वाले समय के ग्लोबल लीडर्स को तैयार करे। इस यूनिवर्सिटी में 21वीं सदी के छात्रों को सीखने का ऐसा मौका मिलता है जिसमें वे अनुभव से पढ़ते हैं। यहाँ पढ़ाई का तरीका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है और यह अलग-अलग विषयों को मिलाकर एक आधुनिक और भविष्य की सोच वाला माहौल देता है।

# टाटा का हैरियर ईवी भारत में लॉन्च शुरुआती कीमत 21.49 लाख रुपये

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने मंगलवार को घरेलू बाजार में अपनी इलेक्ट्रिक वाहन श्रृंखला का विस्तार करते हुए एक और इलेक्ट्रिक कार टाटा हैरियर ईवी को आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लॉन्च किया है। इसकी कीमत 21.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है, जिसकी बुकिंग्स 2 जुलाई से शुरू होगी।

टाटा की हैरियर ईवी दो बैटरी पैक विकल्पों के साथ उपलब्ध है, जिसमें एक बड़ा 75 kWh विकल्प भी शामिल है। टाटा मोटर्स ने बैटरी पैक पर लाइफटाइम वारंटी की घोषणा की है। यह मॉडल ऑटो पार्क असिस्ट, छह टेरेन मोड और 55 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाओं सहित विभिन्न सुविधाओं से लैस है।

हैरियर ईवी भारत में अब तक की सबसे अच्छी घरेलू एसयूवी है। यह (बिजली चालित वाहन) इलेक्ट्रिक एसयूवी 6.3 सेकंड में 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर तक चलाया जा सकेगा। यह 390bhp की पावर और 504Nm का टॉर्क जनरेट करता है। साथ ही




इसमें 502-लीटर का बूट स्पेस मिलता है। कंपनी को उम्मीद है कि नई इलेक्ट्रिक एसयूवी मुख्यधारा के प्रीमियम एसयूवी खंड के ग्राहकों को आकर्षित करेगी, जिसकी वर्तमान में प्रति माह लगभग 25,000 इकाई की बिक्री होती है।

उल्लेखनीय है कि वाहन निर्माता टाटा मोटर्स की हैरियर ईवी कंपनी के acti.e1+ आर्किटेक्चर पर बनी इलेक्ट्रिक एसयूवी है। ये नया मॉडल टाटा की छठी इलेक्ट्रिक पेशकश है, इससे पहले टियागो ईवी, टिगोर ईवी, पंच ईवी, नेक्सॉन ईवी और कर्व ईवी लॉन्च हो चुके हैं।

# पीएनबी ने शिक्षा लोन पर ब्याज दर में 0.20 फीसदी की कटौती की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मंगलवार को विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा लोन पर ब्याज दर में 20 आधार अंकों (बीपीएस) यानी 0.20 फीसदी की कटौती की है। इस संशोधन के साथ शिक्षा ऋण संस्थानों के आधार पर 7.5 फीसदी से शुरू होगा।

पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। विद्यालक्ष्मी योजना विद्यार्थियों को गुणवत्ता-संचालित उच्च शिक्षा के वास्ते व्यापक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। विद्यालक्ष्मी योजना को गुणवत्ता-संचालित उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को व्यापक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# देश का कोयला उत्पादन मई माह में 86.24 मीट्रिक टन

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के कोयला उत्पादन और प्रेषण में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगातार वृद्धि देखी गई है। देश में मई, 2025 के दौरान कुल कोयला का उत्पादन 86.24 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में उत्पादित 83.96 मीट्रिक टन कोयला से अधिक है।

कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि मई 2025 के दौरान देश में कुल कोयला उत्पादन 86.24 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 83.96 मीट्रिक टन से अधिक है। मंत्रालय के मुताबिक मई महीने के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन 16.93 मीट्रिक टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 13.83 मीट्रिक टन से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।




मंत्रालय के मुताबिक 31 मई, 2025 तक कोयला कंपनियों के मौजूदा कोयला भंडार में 29.18 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 94.98 मीट्रिक टन की तुलना में 122.69 मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह वृद्धि देशभर में कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रमाण है। कोयला के उत?पादन में यह वृद्धि देश के कुल कोयला उत्पादन में कैप्टिव/कमर्शियल खनन के बढ़ते योगदान को दर्शाती है।

कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा इस क्षेत्र में निरंतर आपूर्ति और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। कोयला मंत्रालय सतत विकास, कोयले की उपलब्धता में सुधार लाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला क्षेत्र सकारात्मक गति के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# मॉयल ने मई में 18 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ किया रिकॉर्ड उत्पादन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की मिनीरत्न मॉयल लिमिटेड ने मई महीने में सर्वाधिक मैंगनीज अयस्क उत्पादन दर्ज किया है। कंपनी ने मई, 2025 में 1.71 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि (सीपीएलवाई) की तुलना में 18 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि है। यह मई के लिए अबतक का सबसे ज्यादा और स्थापना के बाद से चौथा सबसे अधिक मासिक उत्पादन है।

इस्पात मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आशाजनक वातावरण बनाते हुए मॉयल ने मई में अबतक का सबसे उच्चतम प्रदर्शन के साथ साल की शुरुआत की है, जो मजबूत परिचालन परिदृश्य को दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक कंपनी ने मई, 2025 में 1.71 लाख टन मैंगनीज अयस्क उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। इसके अलावा अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग 13,352 मीटर तक पहुंच गई,



जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17.5 फीसदी अधिक है, जो संसाधन क्षमता के विस्तार में मॉयल के रणनीतिक प्रयास का परिणाम है।

मॉयल लिमिटेड के सीएमडी अजित कुमार सक्सेना ने इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा, “हमारी खदानें मॉयल की सफलता की रीढ़ हैं। इस प्रदर्शन के साथ हमने दिखाया है कि अनुशासित संचालन और कुशल अभ्यास लगातार बाधाओं को तोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मई महीने के लिए अब तक का सबसे अधिक उत्पादन और स्थापना के बाद से चौथा सबसे अधिक मासिक उत्पादन है।

उल्लेखनीय है कि मॉयल लिमिटेड एक मिनीरत्न सरकारी मैंगनीज अयस्क खनन कंपनी है जिसका मुख्यालय नागपुर में है।

# वेदांतु के छात्र दक्ष ने कर्नाटक में पहला स्थान हासिल किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जेईई परीक्षा की तैयारी करवाने वाला भारत का अग्रणी शिक्षा संस्थान वेदांतु, जेईई एडवांस्ड 2025 में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की गर्व से घोषणा करता है। साल दर साल शीर्ष रैंक और लगातार समान नतीजों के साथ, यह साल उच्च गुणवत्ता, व्यक्तिगत और परिणाम-केंद्रित शिक्षा प्रदान करने में वेदांतु की निरंतर सफलता की पुष्टि करता है।

उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों में बैंगलोर के दक्ष तायलिया भी शामिल हैं, जिन्होंने गणित में पूरे 120 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 15वाँ स्थान प्राप्त किया है और कर्नाटक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वेदांतु के 3 वर्षीय दीर्घावधि बैच के छात्र दक्ष का अटूट अनुशासन, प्रतिबद्धता और प्रक्रिया में विश्वास वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। इसके अलावा वेदांतु परिवार को गौरवान्वित करने वाले गोरखपुर के प्रखर सिंह भी हैं, जिन्होंने लॉन्ग टर्म बैच में अखिल भारतीय 92वीं रैंक हासिल की है – जो केंद्रित




प्रयास, दृढ़ता और विशेषज्ञ-निर्देशित मार्गदर्शन का परिणाम है।

ये उपलब्धियाँ अकेली नहीं हैं। वेदांतु के छात्रों ने मज़बूत और निरंतर प्रदर्शन किया है, जिसमें 8 छात्रों को शीर्ष 100 में, 20 को शीर्ष 500 में और 83 को शीर्ष 5,000 में स्थान मिला है। यह वेदांतु की व्यक्तिगत, परिणाम-उन्मुख शिक्षा पद्धति की सफलता की पुष्टि करता है।

### *ऑनलाइन और ऑफ़लाइन सफलता प्राप्त करना*

वेदांतु की यात्रा एक साहसिक दृष्टिकोण के साथ शुरू हुई : प्रत्येक विद्यार्थी को ऑनलाइन उच्च गुणवत्ता वाली, वैयक्तिकृत शिक्षा उपलब्ध कराना। पिछले कुछ वर्षों में, इस मॉडल ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है – और यह वर्ष भी कुछ अलग नहीं है। दक्ष और प्रखर सहित वेदांतु के कई शीर्ष उपलब्धियाँ हासिल करने वाले विद्यार्थी इसके लॉन्ग टर्म बैच से आते हैं, जो निरंतर मार्गदर्शन, केंद्रित शिक्षा और छात्र-प्रथम शैक्षणिक समर्थन की शक्ति को दर्शाते हैं।

इस मज़बूत आधार पर, वेदांतु ने पूरे भारत में अपने पूर्णतः ऑफ़लाइन लर्निंग सेंटर (वीएलसी) का विस्तार किया। ये केंद्र कठोर शैक्षणिक, संरचित कार्यक्रम, तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम वातावरण में गहन मार्गदर्शन को सर्वोच्च व्यक्तिगत ध्यान के साथ जोड़ते हैं। और अपने पहले पूर्ण शैक्षणिक चक्र में ही, ये वीएलसी प्रभावशाली परिणाम दे रहे हैं।

### *संस्थापकों ने अविश्वसनीय परिणामों पर विचार किया*

वेदांतु के सह-संस्थापक और अकादमिक प्रमुख आनंद प्रकाश ने कहा, “हमारे छात्रों को इस स्तर पर सफल होते देखना विनम्र और ऊर्जावान दोनों है। यह और भी खास इसलिए है क्योंकि हर रैंक के पीछे दृढ़ता, विश्वास और स्मार्ट, कड़ी मेहनत की कहानी है।

# केंद्र ने इलेक्ट्रिक यात्री वाहन विनिर्माण योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह योजना ईवी यात्री कार क्षेत्र में वैश्विक निर्माताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को ई-वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी। भारी उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर विशेष ध्यान देते हुए यात्री कारों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी योजना को मंजूरी दी है। ये ऐतिहासिक पहल 2070 तक नेट जीरो हासिल करने, टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है।



मंत्रालय के मुताबिक इस योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस जल्द ही जारी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत संभावित आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। यह योजना वैश्विक ईवी निर्माताओं से निवेश आकर्षित करने और भारत को ई-वाहनों के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी। यह योजना भारत को ईवी के विनिर्माण के लिए वैश्विक मानचित्र पर लाने, रोजगार पैदा करने और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

इस योजना के तहत वैश्विक निर्माताओं को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, स्वीकृत आवेदकों को आवेदन स्वीकृति तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए 15 फीसदी की कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर के सीआईएफ मूल्य के साथ ई-4डब्ल्यू की पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) का आयात करने की अनुमति दी जाएगी। स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। यह योजना भारत को ईवी के विनिर्माण के लिए वैश्विक मानचित्र पर लाने, रोजगार सृजन करने और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

# मडॅम ने रायपुर में नए स्टोर के साथ छत्तीसगढ़ में बढ़ाया अपना प्रभाव

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारत की अग्रणी महिला फैशन ब्रांड मडॅम ने छत्तीसगढ़ में अपने विस्तार को और मजबूत करते हुए रायपुर के पंडरी स्थित मेन रोड पर अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। मैग्नेटो मॉल में पहले से मौजूद सफल स्टोर के बाद यह राज्य में ब्रांड का दूसरा आउटलेट है। 2025 में मडॅम भारतभर में कई नए स्टोर्स की शुरुआत करने जा रहा है, जो कि मध्य भारत के टियर-2 और टियर-3शहरों में ब्रांड की मजबूत उपस्थिति की दिशा में एक और कदम है।

यह विस्तार मडॅम की व्यापक रीटेल रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महानगरों से आगे बढ़कर महत्वाकांक्षी भारतीय महिलाओं तक आधुनिक वैश्विक फैशन पहुंचाना है।

मडॅम के एमडी और सीईओ अखिल जैन ने कहा, छत्तीसगढ़ एक जीवंत और तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है, जहां प्रीमियम महिला फैशन की जबरदस्त संभावनाएं हैं। हमारे हालिया स्टोर्स को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हमें तेजी से विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। यहाँ की बढ़ती क्रय शक्ति और फैशन के प्रति जागरूकता को देखते हुए, उपभोक्ता स्टाइलिश और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों की तलाश में हैं—और मडॅम इस माँग को पूरा करने के लिए तैयार है।






छत्तीसगढ़ में मडॅम का यह विस्तार भारत भर में अपने रिटेल नेटवर्क को मजबूत करने की इसकी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। रायपुर स्थित नया स्टोर शहर के एक प्रमुख और सुविधाजनक स्थान पर खोला गया है, जहां मडॅम का पूरा कलेक्शन उपलब्ध है। ग्राहक यहां आरामदायक ड्रेसेज़, हल्के टॉप्स, स्टाइलिश डेनिम्स, स्लिंग बैग्स, परफ्यूम्स और स्टोल्स जैसी आधुनिक महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई रेंज का अनुभव ले सकते हैं।

ब्रांड का समर कलेक्शन बोल्ड और प्लेफुल प्रिंट्स से सजा है, जिसमें एब्स्ट्रैक्ट, फ्लोरल और ज्योमेट्रिक डिज़ाइनों की विविधता है। ड्रेसेज़, स्कर्ट्स, को-ऑर्ड सेट्स, जंपसूट्स और ट्रेंडी डेनिम्स सहित फैशनेबल प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज उपलब्ध है। फैब्रिक इनोवेशन, ट्रेंड फोरकास्टिंग और सिलुएट डिज़ाइन पर फोकस रखते हुए मडॅम एक डेटा-ड्रिवन अप्रोच के जरिए न केवल उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ाने बल्कि बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

अखिल जैन ने आगे कहा, “छत्तीसगढ़ की महिलाएं फैशन के प्रति जागरूक हैं और गुणवत्ता व स्टाइल की सराहना करती हैं—ये सभी मूल्य मडॅम की पहचान का हिस्सा हैं। हमारा विस्तार केवल नए स्टोर खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम ऐसे फैशन डेस्टिनेशन तैयार कर रहे हैं जो आज की भारतीय महिला की आकांक्षाओं को दर्शाते हैं।

# Pratidinrajdhani.in

**Daily Morning Newspaper & Webportal**

## E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी
**आम आदमी का खास अखबार**

## आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
**62629 04444**
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समर्पेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, केवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेंड्रिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंजरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विवेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582593

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2587897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू लाखेनगर, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रूट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# पर्यटन केंद्रों पर पर्यटकों को मिलेगी होमस्टे की सुविधा, योजना के तहत प्रदेश के 229 स्थल चिह्नित

- छह कमरों और 12 बेड तक की होम स्टे इकाइयों को दी जाएगी मान्यता
- कैबिनेट ने 'बेड एंड ब्रेकफास्ट, होमस्टे नीति-2025' को दी स्वीकृति
- धार्मिक स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा रुकने का सस्ता विकल्प

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट ने पर्यटन विभाग के बेड एंड ब्रेकफास्ट व होम स्टे नीति-2025 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत अब प्रदेश के धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को रुकने के लिए होम स्टे की सस्ती सुविधा मिल सकेगी।

इससे पर्यटकों के रुकने के लिए सस्ती दरों पर कमरे व स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। इस योजना के तहत प्रदेश के 229 स्थलों को चिह्नित किया जा चुका है। इस नीति के बाद होम स्टे संचालकों को नीति के दायरे में होम स्टे का संचालन करना पड़ेगा।

इस बारे में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पर्यटकों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2024 में 64.90 करोड़ पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था।

इनमें 22,69,067 विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। वहीं वर्ष 2023 में 16,01,503 विदेशी पर्यटकों सहित 48 करोड़ पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश का भ्रमण किया था। इन पर्यटकों को रुकने के लिए



ज्यादा से ज्यादा कमरों की व्यवस्था करने की कोशिश की जा रही है।

पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि नीति के तहत कोई भी व्यक्ति अपने घरों में एक से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में पंजीकृत करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार सात दिन तक इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली समिति के माध्यम से पूरी की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में होम स्टे इकाइयों के लिए 500 से 750 रुपये तक का पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

वहीं, शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए दो हजार रुपये का <Sआवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के कारण होम स्टे संचालकों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था।

पर्यटन विभाग ने होम स्टे बनाने वालों को वित्तीय सहायता देने का भी प्रविधान नीति में किया था, कैबिनेट ने होम स्टे बनाने वालों को वित्तीय प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है।

अयोध्या मंडल में 19, सुलतानपुर, बाराबंकी व अमेठी में 12, वाराणसी, गाजीपुर व चंदौली में 10, लखनऊ मंडल में 23, देवीपाटन में 17, चित्रकूट में 24, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, हरदोई में 17 होम स्टे को पर्यटन विभाग की तरफ से मंजूरी दी जा चुकी है। अब इन्हें नीति के दायरे में लाया जाएगा और यहां पर रुकने वाले पर्यटकों को ब्रेकफास्ट की सुविधा भी देनी होगी।

# बालू तस्कर से साठगांठ करना पड़ा महंगा, सारण में एक वर्ष में 45 पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई

- एसएसपी ने कहा, अवैध कार्य में लिप्त पुलिस कर्मियों पर होगी कार्रवाई

छपरा। सारण जिले में बालू तस्करों के साथ-साठगांठ रखना पुलिस कर्मियों को भारी पड़ रहा है। अवैध बालू माफियाओं को संरक्षण देने, अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सारण पुलिस ने मई 2024 से मई 2025 तक एक साल में 45 पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है, ताकि जिले में अवैध बालू खनन पूरी तरह से रुक सके।



### 556 कांडों का निष्पादित किया गया

बालू माफियाओं के साथ पुलिस का आडियो- वीडियो प्रसारित होने एवं लोगों के शिकायत के बाद पुलिस के वरीय पदाधिकारी के जांच में दोषी पाए जाने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 547 कांड का प्रतिवेदित किया गया, जिसमें 556 कांडों का निष्पादित किया गया। इसके साथ ही 489 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।वहीं अवैध परिवहन में शामिल 972वाहन जब्त किया गया।इस दौरान 39 करोड़70 लाख 28 हजार624 जुर्माना वसूला गया।

### शिकायत मिलने पर पदाधिकारी करते हैं जांच

दिसंबर 2024 मे दिघवारा थाना क्षेत्र मे अवैध बालू माफियाओं के साथ सांठगांठ करने और दलाल के जरिए अवैध बालू ट्रक को पास कराए जाने की शिकायत पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जांच मे दोषी पाये जाने के बाद दिघवारा थाना के थानाध्यक्ष समेत दो पुलिस पदाधिकारियों को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया था।

### तबादला और लाइन हाजिर

अवैध बालू खनन एवं परिवहन के आरोप मे डोरीगंज थाना के सभी पुलिस कर्मियो और अधिकारियों का एक साथ तबादला और लाइन हाजिर कर दिया था। इनपर पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बालू माफियाओं से साठगांठ का आरोप था,जिसकी पुष्टि भी हुई थी।

### पुलिस कर्मियों पर जारी रहेगी कार्रवाई

सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डा. कुमार आशीष ने बताया कि सारण पुलिस जीरो टिलरेन्स नीति के तहत अवैध कार्य को रोकने का काम लगातार कर रही है। उसके अनुसार अवैध कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, वह आगे भी जारी रहेगा। वहीं उत्कृष्ट एवं बेहतर कार्य करने वालों पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# प्रतिनिधिमंडल को भेजना मूर्खता है', ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश गए डेलिगेशन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

- कांग्रेस ही समाधान दे सकती है।
- सुरक्षा में चूक पर उठाए सवाल।
- विदेश नीति पर भी सवाल।





जम्मू। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान तारिक हामिद कर्रा ने कहा कि सिर्फ राहुल गांधी के नेतृत्व मे कांग्रेस ही राजनीतिक, आर्थिक और संवैधानिक समस्याओं का समाधान कर सकती है और आगे का रास्ता दिखा सकती है। श्रीनगर पार्टी मुख्यालय में कर्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रतिनिधिमंडल का विदेश भेजना मूर्खता है, जिनका उद्देश्य भारत में पूछे जा रहे कठिन सवालों से ध्यान भटकाना है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे का रास्ता दिखा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा केवल रिबन-कटिंग समारोह है, जिसका उद्देश्य श्रेय लेना है, लेकिन ये सभी विकास परियोजनाएं जो अब उद्घाटन कर रहे हैं, वास्तव में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान शुरू की गई थीं। उन्होंने कहा कि वह अब केवल रिबन काट रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कैसे आतंकवादी उच्च सुरक्षा के बावजूद पहलगाम की बैसरन घाटी तक पहुंचने में कामयाब रहे। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कैसे इतनी बड़ी सुरक्षा में चूक हो सकती है।

उन्होंने मांग की कि सरकार ने हमले से कुछ दिन पहले खुफिया जानकारी के साथ क्या किया था, इस पर जवाब दे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक ट्वीट के बाद पाकिस्तान के साथ युद्धविराम की घोषणा के बाद सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि क्या भारत ने अपनी कोई तीसरे पक्ष की हस्तक्षेप नहीं की नीति का आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने शिमला समझौते का हवाला देते हुए यह सवाल पूछा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कि उन्होंने कहा कि क्या भारत ने पाकिस्तान को अग्रिम रूप से बताया था कि हमले कहां होंगे। कर्रा ने पूछा, क्या यह राष्ट्रद्रोह नहीं है।

# काशीवासियों के लिए खुशखबरी, 202 करोड़ की लागत से सड़क का होगा चौड़ीकरण



- लोगों को म‌िलेगा फायदा
- गोदौलिया मार्ग होगा 18 मीटर चौड़ा।
- 202.50 करोड़ रुपये होंगे खर्च।
- यातायात व्यवस्था में होगा सुधार।

वाराणसी। काशी की हृदय स्थली गोदौलिया पहुंचने के लिए एक और सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। रथयात्रा और गोदौलिया चौराहे पर रोपवे स्टेशन बनने के साथ यहां पर्यटकों की भीड़ और बढ़ जाएगी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों की बढ़ती भीड़, सड़क पर जाम लगने और पर्यटकों की समस्याओं को दूर करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने रथयात्रा चौराहे से गोदौलिया चौराहे तक 18 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का मसौदा तैयार किया है।

लोक निर्माण विभाग ने जिला प्रशासन से मुहर लगने के बाद प्राथमिक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) मुख्यालय भेज दिया है। जल्द ही कैबिनेट की मुहर लगने के साथ लोक निर्माण विभाग 10.50 मीटर चौड़ी सड़क को 18 मीटर करने का काम शुरू करेगा। दोनों तरफ सड़क चौड़ी करने की जद में आ रहे यूटिलिटी शिफ्टिंग, जमीन व मकान का मुआवजा और सड़क बनाने में 202.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का विस्तार होने के साथ काशी में पर्यटकों की संख्या कई गुना अधिक हो गई है। विशेष अवसरों पर भीड़ के चलते सड़क पर दो कदम चलना मुश्किल हो जाता है। प्रयागराज महाकुंभ में आए दर्शनार्थियों की भीड़ काशी पहुंचते ही यातायात व्यवस्था बिगड़ गई थी। कमिश्नरेट पुलिस ने हाईवे व रिंग रोड और बाहर के जिलों से आती भीड़ को रोककर व्यवस्था संभाली थी।

रोपवे स्टेशन के लिए रथयात्रा चौराहे के पास 50 मीटर तक सड़क चौड़ी की गई है, इसके बाद गुरुद्वारा तक सड़क कम चौड़ी है। बनवे होने के बाद भी दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस बीच कई कालोनियों के लोगों को आने-जाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लक्सा थाने के पास लगता है जाम श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, गंगा आरती व स्नान और नौका विहार करने के लिए पहुंच मार्ग रथयात्रा चौराहे से गोदौलिया भी है। कुछ स्थानों पर सड़क 10 से 13 मीटर चौड़ी है जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

लक्सा थाना के आसपास वाहनों के पार्क होने से भी जाम की स्थिति बनी रहती है। यूं कह सकते हैं लक्सा थाने का कुछ हिस्सा सड़क पर होने से आवागमन सुगम नहीं होता है। लोक निर्माण विभाग ने अपनी प्राथमिक रिपोर्ट में इन समस्याओं को उठाया है। जिला प्रशासन को अंतिम निर्णय लेना है।

### कई बार बनी योजना

रथयात्रा चौराहे से गोदौलिया के बीच सड़क चौड़ीकरण को लेकर कई बार योजना बनी। नगर निगम, वाराणसी विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग अलग-अलग योजना बनाने के साथ जद में आ रहे मकानों को तोड़ा भी। राजनीतिक प्रभाव के चलते योजना आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन इस बार जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर योजना बनाई गई है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग का मनाना है कि सड़क चौड़ीकरण में कोई बाधा नहीं आएगी।

# आपदा में खोजा अवसर, पाकिस्तान में भूकंप के बाद 200 से ज्यादा कैदी जेल से भागे

इस्लामाबाद. पाकिस्तान में आए दिन ऐसे कारनामे होते रहते हैं, जिनके चलते पाकिस्तान की किरकिरी होती है। अब ताजा मामले में पाकिस्तान की जेल से 216 कैदी फरार हो गए। दरअसल भूकंप के झटके लगने के बाद कैदियों को बैरकों से निकाला जा रहा था। आपदा में अवसर खोजते हुए 216 कैदी जेल से भाग गए। हालांकि भागे कैदियों में से 80 को वापस पकड़ लिया गया है। बाकी की तलाश की जा रही है।



**भूकंप के बीच भागे कैदी:-** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते 24 घंटों में पाकिस्तान के कराची में भूकंप के कई झटके लगे हैं। कराची की मालिर जेल के सुपरिटेंडेंट अरशद शाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बीच सोमवार की रात को जेल के 600 कैदियों को जेल बैरकों से बाहर निकाला गया था। इस दौरान मची भगदड़ में मौका पाकर 216 कैदी फरार हो गए। इस भगदड़ में एक कैदी की मौत हो गई और सुरक्षाबलों के तीन जवान और एक जेल स्टाफ घायल हो गए। अरशद शाह ने बताया कि फरार हुए कैदियों में से 80 को वापस पकड़ लिया गया है। अभी भी 135 कैदी फरार है, जिनकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# पंजाब सरकार का बड़ा फैसला

## अनुसूचित जाति वर्ग का 68 करोड़ रुपये का कर्ज माफ; हजारों लोगों को होगा फायदा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के 4727 लोगों का कर्ज माफ कर दिया है। यह कर्ज 31 जनवरी 2020 से पहले का माफ किया गया है जो पूर्व सरकारों के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग ने अनुसूचित जाति वित्तीय कार्पोरेशन से लिया हुआ था। यह फैसला आज लगातार दूसरे दिन हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इस वर्ग पर 68 करोड़ रुपए का कर्ज था जो अब माफ हो गया है।



बैठक के बाद मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान और वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि माफ किए गए कर्ज में तीस करोड़ रुपए की मूल राशि है जिस पर 22 करोड़ रुपए का ब्याज लगा हुआ था और 15 करोड़ रुपए चक्रवर्ती ब्याज लगा हुआ था।

चीमा ने बताया कि बहुत से परिवारों में वे लोग मर चुके हैं जिन्होंने कर्ज लिया था। पूर्व सरकारें इस वर्ग को राहत देने की बात तो करती आई हैं लेकिन कभी दी नहीं गई। कैबिनेट के आज के फैसले से इन परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि 1995 से पूर्व ये कर्ज दिए गए थे जिन्हें चुनाव के दौरान माफ करने की बात करके उनकी उम्मीदें जगा देते हैं लेकिन कभी माफ नहीं किए। लेकिन हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं।

### सीएम ने रखी जल संधियों का रिव्यू करने की मांग

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पड़ोसी राज्यों को दिए जाने वाली पानी को लेकर 1955, 1960 और 1982 आदि में जितने भी समझौते हुए उनका रिव्यू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब ये समझौते हुए थे तब नदियों और बांधों में पानी की आमद का स्तर का कुछ और था आज क्या पानी उतनी मात्रा में आ रहा है?

अगर पानी कम आ रहा है तो उसी अनुपात में पानी देने का क्या मतलब है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर ट्रीटी में यह लिखा जाता है कि 25साल बाद बांटे जा रहे पानी का रिव्यू होगा लेकिन यहां ऐसा नहीं किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पड़ोसी राज्यों को पानी देने के जो समझौते किए हैं उनमें से उनके हक के पानी को हम नहीं रोक रहे हैं । मैंने पहले ही कहा था कि 21 मई के बाद हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी मिलेगा, आज उनके अधिकारी ही कह रहे हैं कि उन्हें पूरा पानी मिल रहा है।

ड्रग्स को लेकर चल रही मुहिम के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नीयत साफ है। हम इस समस्या को खत्म में लगे हुए हैं।किसी गांव में सीधा नशा नहीं बिक रहा है। तस्कर अपने घरों में ताले लगाकर भाग रहे हैं।

उन्होंने माना कि पुलिस के कुछ कर्मचारियों की भी इसमें मिलीभगत है इसीलिए हमने बड़ी गिनती में थानों के मुंशी, हवलदार आदि को दूर दराज के इलाकों में बदला है ताकि लिंक टूट सके।

किसान संगठनों की ओर से उन्हें बहस की चुनौती को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इन संगठनों को बहस की चिंता होगी, मुझे पंजाब की खेती की चिंता है।

# श्रीकांत ने दो पश्चिमी अफ्रीकी संसदों को किया संबोधित, ऐसा करने वाले पहले भारतीय MP



मोनरोविया. शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने सर्वदलीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए दो पश्चिमी अफ्रीकी संसदों- सिएरा लियोन गणराज्य और लाइबेरिया गणराज्य को संबंधित किया। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय सांसद बन गए हैं। शिंदे के कार्यालय ने उनके हवाले से यह जानकारी दी।

लाइबेरिया की संसद में बोलते हुए, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अब सिर्फ एक क्षेत्रीय खतरा नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक खतरा है। उन्होंने इस खतरे के साथ भारत के लंबे समय से चल रहे संघर्ष को उजागर किया। उन्होंने भारत की ओर से सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की अपील की। शिंदे ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के वैश्विक अभियान का समर्थन करें।

### पाकिस्तान को FATF की ग्रे सूची में फिर से शामिल करने की अपील

लाइबेरियाई संसद के अध्यक्ष रिचर्ड नागबे कून और उपसभापति थॉमस पी फल्लाह ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान शिंदे ने लाइबेरिया की सीनेट के अध्यक्ष न्योनब्ली कार्नगा-लॉरेंस से भी मुलाकात की। कार्नगा-लॉरेंस के साथ बैठक में शिंदे ने मांग की कि आतंकवादी समूहों को लगातार समर्थन देने के कारण पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) की ग्रे सूची में फिर से शामिल किया जाए। शिंदे ने कहा, 'पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवादी संगठनों का केंद्र रहा है। FATF की ग्रे सूची में पहले भी शामिल होने के बावजूद, आतंकवाद को उसका समर्थन जारी है।

### पहलगाम हमले के पीड़ितों की याद में दो मिनट का मौन रखा

लाइबेरिया ने भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। स्पीकर कून ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पश्चिमी अफ्रीकी देशों के बीच क्षेत्रीय एकता के महत्व को भी रेखांकित किया। इस दौरान सीनेट ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा। इसके अलावा, सोमवार को शिंदे और भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति जोसेफ न्यामा बोकाई और विदेश मंत्री सारा बेस्लो न्यांती से भी मुलाकात की।

# लव मैरिज को लेकर ससुराल वालों ने युवक को जमकर पीटा, मजबूर होकर लगाई फांसी

फरीदाबाद। प्रेम विवाह को लेकर सेक्टर-तीन के रहने वाले युवक की ससुराल वालों ने दयालपुर गांव में जमकर पिटाई की। उसने मजबूर होकर अपने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर मृतक का बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम करा दिया है।

एसी नगर फरीदाबाद के रहने वाले पिता बजरंगी लाल ने बताया कि उसका बेटा आकाश सेक्टर-चार स्थित एक फैक्ट्री में प्रबंधक था। वह सेक्टर-तीन 36 गज हाउसिंग कॉलोनी में रहता था। उसने दयालपुर की रहने वाली प्रीति से 12 नवंबर-2024 को प्रेम विवाह किया था। इस विवाह से प्रीति के स्वजन खुश नहीं थे।



### कमरे में बंद कर किया अपमानित

पहली जनवरी-2025 को प्रीति का भाई ध्रुव और पिता महिपाल निवासी दयालपुर दो बाइक पर आए और प्रीति को अपने साथ बाइक पर बैठा कर गांव ले गए। प्रीति पालतू पिल्ला को भी साथ ले गई। वहां पर पिल्ला बीमार हो गया।

पति आकाश अपने साथ घरेलू सहायिका शिरोमणी, साजन, कृष्णा को साथ लेकर को पिल्ला की दवा देने के लिए दयालपुर चला गया। वहां पर आकाश के साथ उसके साले ध्रुव, ससुर महिपाल, सास संतोष व अन्य ने उन्हें कमरे में बंद करके जमकर पीटा।

### पंखा से लटकी मिली डेडबॉडी

इस दौरान ध्रुव ने थार में अपने कुछ बाहरी बदमाशों को भी बुला लिया। उन्होंने प्रीति को भी अलग कमरे में बंद कर दिया। आकाश की सबके सामने जमकर पिटाई की और अपमानित किया। सास संतोष ने घरेलू सहायिका शिरोमणि को भी पीटा। जैसे-तैसे आकाश अपनी कार में बैठ कर वापस सेक्टर-तीन आ गया और उसने सारी घटना के बारे में उन्हें बताया।

घटना की ऑडियो रिकॉर्डिंग है। घरेलू सहायिका शिरोमणि जब घर रोजाना की तरह सुबह साफ-सफाई करने के लिए पहुंची तो आकाश अपने कमरे में पंखा के हुक से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका हुआ मिला। उसने इस घटना के बारे में स्वजन को जानकारी दी। स्वजन ने सेक्टर-तीन चौकी पुलिस को बताया।

पुलिस ने मृतक के पिता बजरंगी की शिकायत पर आरोपित सास संतोष , साली चीना, डोली , साले ध्रुव, ससुर महिपाल व अन्य 10 लोगों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप मामला दर्ज कर मृतक का बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम करा दिया।

# चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी कमिश्नर मीणा से मुलाकात कर 11 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीष थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल जीएसटी कार्यालय नया रायपुर पहुंचा। यहां पर जीएसटी कमिश्नर एवं आईजी पंजीयन एवं स्टॉम्प पुष्पेन्द्र मीणा से मुलाकात की । इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी से संबंधित व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ में व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने 11 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा, इसमें कई मुद्दे शामिल थे। विशेषकर जीएसटी से संबंधित आदेश, मेल से व्यापारियों को दिए जाते है। जिसमें व्यापारी लंबे समय तक मेल चेक नहीं कर पाते, लिहाजा अपील का समय निकल जाता है।

इस बिन्दु पर कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में निर्देश हार्ड कॉपी से भेजे जाएंगे, ताकि यह समस्या न रहे। वहीं चेम्बर ने जीएसटी के अंतर्गत सर्वे या रेड की कार्रवाई होने पर अधिकारियों द्वारा व्यापारियों पर दबाव बनाने की बात रखी। जिसमें कमिश्नर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी और यह निर्देश दिए जाएंगे कि दबाव बनाने का माहौल न बनाया जाय। जबकि तीसरे और महत्वपूर्ण बिन्दु पर व्यापारियों ने धारा 129 के अंतर्गत 200 प्रतिशत पेनाल्टी लगा देने की शिकायत की। व्यापारियों ने बताया कि 2018 में एक सर्कुलर आया है जिसमें छोट–छोटी त्रुटियों पर सिर्फ एक हजार रुपये पेनाल्टी लगाने का प्रावधान है। जवाब में जीएसटी कमिश्नर ने कहा कि त्रुटियों पर कार्रवाई करें, लेकिन 200 प्रतिशत की पेनाल्टी न लगाए। व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की



मुलाकात में जीएसटी कमिश्नर, पुष्पेन्द्र मीणा, टीएल ध्रुव, स्पेशल कमिश्नर, दीपक गिरी ज्वाइंट कमिश्नर, नरेन्द्र वर्मा ज्वाइंट कमिश्नर इनफोर्समेंट उपस्थित रहे। जबकि चेंबर की ओर से अध्यक्ष सतीष थौरानी, उपाध्यक्ष , वाईस चेयरमैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकृष्ण सुन्दरानी, राजेश वासवानी, विनय बजाज, जसप्रीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, दयाल राजपाल और दिलीप इसरानी आदि शामिल रहे।

# रजिस्ट्री कार्य को सरल और पारदर्शी बनाने सरकार ने किया 10 क्रांतिकारी बदलाव-सुधार

## प्रभारी मंत्री बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

संपत्तियों की रजिस्ट्री कार्य को सरल, सुगम, सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा 10 क्रांतिकारी बदलाव–सुधार किए गए हैं। इस बदलाव की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की विशेष उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यशाला में विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ता, व्यापारी, मीडिया एवं अधिकारियों को आमंत्रित कर रजिस्ट्री में किए गए क्रांतिकारी बदलाव के बारे में वीडियो प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार से बताया गया।

कार्यशाला में मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और पंजीयन विभाग के मंत्री ओ पी चौधरी के प्रयासों से रजिस्ट्री से संबंधित विसंगति को दूर कर क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव को समझने के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया है। आप सभी के माध्यम से इस बदलाव की जानकारी जनमानस तक पहुंचाना है।

उन्होंने सोशल, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक सहित मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से रजिस्ट्री में हुए क्रांतिकारी बदलाव को जन–जन तक पहुंचाने मीडिया से विशेष आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक बटवारे में पैतृक संपत्ति का रजिस्ट्री में बड़ी दिक्कत होती थी। अब सिर्फ 500 रूपए में रजिस्ट्री हो जाएगा। रजिस्ट्री के साथ पेड़ों के दाम भी बनते थे, अब जिओ टेग से स्पष्ट होने पर पेड़ की कीमत शून्य कर दिया गया है। उन्होंने नामांतरण में पटवारियों की भूमिका पर कहा कि आज का समय हाईटेक हो गया है, 2047 तक विकसित भारत बनाना है। रजिस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव से समय भी बचेगा और विसंगतियां भी नहीं होगी। उन्होंने सरकार की इस पहल को सफल बनाने में उपस्थित सभी आमंत्रित लोगों को धन्यवाद दिया।

विधायक प्रणव कुमार मरपची ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री को सरल किया है। इस प्रक्रिया को सभी ने वीडियो के माध्यम से देखा है। यह अच्छी सुविधा है, लोग इसका फायदा उठायेंगे।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव में आएगी आमों की बहार

## आम की 200 से अधिक किस्मों एवं 56 भोग का प्रदर्शन किया जाएगा



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 6, 7 एवं 8 जून, 2025 को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में ''फलों के राजा'' आम के राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हैं। आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते है। इस महोत्सव में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

राष्ट्रीय आम महोत्सव में 6 से 8 जून, 2025 तक विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसानों द्वारा उत्पादित आम की व्यावसायिक किस्मों के अंतर्गत दशहरी, लंगडा, बाम्बे ग्रीन, चौसा, मालदा, हिमसागर, सुन्दरजा, केसर, अलफान्सो, तोतापरी, नीलम बैगनफल्ली, पैरी, सिन्दूरी, फज़ली किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संकर किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत मल्लिका, आम्रपाली, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, रत्ना, सिंधु, अर्का पुनीत किस्मों को शामिल किया गया है। विशिष्ट किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत हाथीझुल, नूरजंहा, लड्डु, गुलाब खास किस्मों के उत्पादक भाग ले सकते हैं। एक्जोटिक (आयातित किस्म) की प्रतियोगिता में मियाजाकी, टॉमी एटकिन्स एवं गोल्डन नगेट्स किस्मों को शमिल किया गया है। इस अवसर पर आम से निर्मित उत्पादों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागी आम से निर्मित उत्पाद – नेक्टर/आर.टी.एस., शर्बत, पना, आम के अचार, आम की चटनी, आम पापड़, आमरस, जैम एवं मिठ़ाई आदि व्यंजनों के साथ प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आम महोत्सव में प्रतिभागियों हेतु आम आधारित मॉडल एवं बोनसाई, आम आधरित सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रकृति की ओर सोसायटी की ओर से आम की पांच गुठलियाँ लाने वाले व्यक्तियों को एक उन्नत किस्म के आम का पौधा दिया जाएगा।

# राया लेकर आया महाराष्ट्र का सबसे प्रिय पारंपरिक मेंसवियर अब रायपुर में

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी) ।

रायपुर, 3 जून 2025 – पुणे, महाराष्ट्र से शुरू हुआ प्रतिष्ठित भारतीय मेंसवियर ब्रांड क्रुड्ढ ने आज रायपुर में अपने सबसे भव्य स्टोर का उद्घाटन किया। यह नया स्टोर पंडरी मेन रोड पर, निरंकारी फ़र्नीचर के बगल में, क्लॉथ मार्केट जंक्शन पर स्थित है और अब रायपुर का नया प्रीमियम डेस्टिनेशन बन गया है लक्ज़री इंडियन एथनिक वियर के लिए।

स्टोर का उद्घाटन श्री नागराज जैन (संस्थापक, जयहिंद ग्रुप), निदेशक श्री दिनेश जैन एवं श्री मनुलाल अग्रवाल के कर–कमलों द्वारा किया गया, अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में। क्रुड्ढ के युवा संस्थापक श्री प्रेशित जैन अपनी दूरदृष्टि और स्टाइल की समझ के साथ इस ब्रांड को नए आयामों तक ले जाने के मिशन पर हैं – जिसमें परंपरा, शिल्पकला और आधुनिकता का सुंदर समन्वय एक सुलभ मूल्य पर प्रस्तुत किया गया है।




RAAYA रायपुर में पारंपरिक परिधान की विविध रेंज को बेहद सोच–समझकर प्रदर्शित किया गया है:

कुर्ता, सूट, इंडो–वेस्टर्न, बंधगला और शेरवानी। त्यौहारों से लेकर शादी–ब्याह तक, यह स्टोर पुरुषों के लिए सम्पूर्ण पारंपरिक वार्डरोब समाधान प्रदान करता है, जिसमें बारीकी, फैब्रिक की गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### लॉन्च के अवसर पर श्री प्रेशित जैन ने कहा,

"RAAYA वह स्थान है जहाँ विरासत आकांक्षा से मिलती है। रायपुर के साथ हम एक नए और जीवंत अध्याय का स्वागत करते हैं – जहाँ परंपरा को सिर्फ सहेजा नहीं जाता, बल्कि स्टाइल के साथ मनाया भी जाता है।

RAAYA का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना है और भारत के पारंपरिक मेंसवियर ब्रांड्स में एक अग्रणी नाम बनना है, जो भव्यता, गरिमा और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा अनुभव प्रदान करे।

स्टोर का पता:
पंडरी मेन रोड, निरंकारी फ़र्नीचर के बगल में, क्लॉथ मार्केट जंक्शन, रायपुर

# रायपुर के बुढ़ापारा में युवक की धारदार हथियार से हत्या

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र के बुढ़ापारा इलाके में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सूजन (उम्र 25–27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का निवासी था। बताया जा रहा है कि सूजन यहां सोने के आभूषण बनाने का काम करता था।

जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने सूजन के सीने पर लगातार तीन बार धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं।

मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल की सुरक्षा करते हुए जांच शुरू कर दी है। हालांकि, फॉरेंसिक टीम (स्नस्रु) अभी तक मौके पर नहीं पहुंची है।

पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज करने की बात कही गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, हत्या के पीछे कोई पुराना विवाद या आपसी रंजिश भी हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

## सुषमा के स्नेहिल सृजन
## छंद-मनहरण घनाक्षरी
## उषा रानी

ये री सखी उषा रानी, पहने चूनर
धानी,
पलकें बिछाये बैठी,
तेरे इंतजार में।
सरगम गीत गाती, मन मेरा
बहलाती,
बुलबुल तान छेड़े,
प्रेम मनुहार में।
'सुषमा' सुंदर छटा, घुँघराले
केश घटा,
जैसे कोई सोनपरी,
रहती है प्यार में।
शुभ भोर संग आती, वादा एक
कर जाती,
कल फिर आऊँगी मैं,
तेरे घर–द्वार में।




ज्कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल( रायगढ़/रायपुर, छ ग)

# रायपुर नगर निगम द्वारा दुकानें सील करने पर कपड़ा मार्केट एसोसिएशन ने जताया विरोध



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

पंडरी कपड़ा मार्केट में रायपुर नगर निगम द्वारा ट्रैफिक का हवाला देते हुए दूकानों को सील किए जाने की कार्रवाई का रायपुर होलसेल होजियरी एंड रेडीमेड डीलर्स एसोसिएशन एवं थोक कपड़ा व्यापारी संघ ने विरोध किया।

एसोसिएशन ने बताया कि मैन रोड पंडरी की दुकानों को ट्रैफिक समस्या का हवाला देकर सील कर दिया गया है जबकि उनका नियमितीकरण पूर्व में हो चुका है, इसके विरोध में मार्केट में दुकानें बंद कर दी गई है।

समस्या के समाधान के लिए व्यापारियों के साथ छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी रायपुर होलसेल होजियरी एंड रेडीमेड डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद तलरेजा थोक कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष सरल मोदी चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा,राजेश वासवानी विनय बजाज एवं चंदर विधानी प्रकाश अग्रवाल पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा कारण मदनानी मनीष दरीरा राहुल गोलछा रितेश वैद्य तरुण बजाज नरेंद्र पारेख अमर ज़ाम्बिया आदि ने रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा से मुलाकात कर चर्चा की।

जिसके पश्चात अगले दिन सुबह 11 बजे नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक तय की गई जिसके पश्चात विरोध जताते हुए बंद की गई दुकानों को खोलने का निर्णय लिया गया।

नगर निगम की इस कार्रवाई का विरोध जताते हुए चेम्बर अध्यक्ष ने कहा कि पंडरी कपड़ा मार्केट में नगर निगम द्वारा दूकानों को सील किए जाने की कार्रवाई अत्यंत निंदनीय है, लंबे समय से व्यापारी साथी वहां व्यापार कर रहे हैं अब अचानक इस प्रकार की कार्रवाई होने से उनके व्यापार पर गहरा




नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स पूरी ताकत के साथ व्यापारी साथियों के साथ खड़ा है।



# डिप्टी सीएम साव ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

## भाजपा 9 जून से चलाएगी संकल्प से सिद्धि अभियान

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास कार्यालय में कहा कि, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सफलता पूर्वक 11 साल देश का नेतृत्व किया है। वहीं तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस खास अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि अभियान चलाएगी। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल और सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित होगा।

श्री साव ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी जी ने दुनिया में भारत को समृद्ध देश के रूप में खड़ा किया है, उनके नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इन 11 वर्षों में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण हुआ है। आम लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आया है। आम लोगों को लगता है कि, आज सरकार उनकी चिंता कर रही है। आम लोग भी देश के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 साल के नेतृत्व में आमजनों के जीवन में खुशहाली और तरक्की आई है। देश की दशा और दिशा बदली है। चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है, और अब हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

# निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत रुझानों (VTR) साझा करने की प्रक्रिया को उन्नत किया जाएगा

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारत निर्वाचन आयोग अब एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी–संचालित प्रणाली की शुरुआत कर रहा है, जिससे अनुमानित मतदान प्रतिशत रुझानों पर समयबद्ध अद्यतन प्रदान किए जा सकें। यह नई प्रक्रिया पुराने मैनुअल रिपोर्टिंग तरीकों से जुड़ी समय की देरी को काफी हद तक कम कर देगी। यह पहल आयोग की समय पर सार्वजनिक संचार सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिस पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार कई अवसरों पर जोर दे चुके हैं।

1961 के निर्वाचन नियमों के अंतर्गत नियम 49S के तहत, पीठासीन अधिकारी (PRO) को मतदान समाप्ति के बाद मतदान केंद्र पर उपस्थित उम्मीदवारों द्वारा नामित मतदान एजेंटों को फॉर्म 17C में दर्ज मतों का विवरण देना आवश्यक होता है। यह कानूनी आवश्यकता यथावत बनी रहेगी, लेकिन VTR ऐप को अद्यतन करने की प्रक्रिया, जो अब तक एक सहायक, गैर–संवैधानिक तंत्र के रूप में विकसित हुई थी, को तेज करने के लिए सुव्यवस्थित किया जा रहा है।

इस नई पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी (PRO) अब मतदान के दिन हर दो घंटे में ECINET ऐप में मतदान प्रतिशत दर्ज करेंगे ताकि मतदान रुझानों के अद्यतन करने में लगने वाले समय में कमी आएगी। यह जानकारी स्वतः निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संकलित की जाएगी। मतदान प्रतिशत के अनुमानित रुझान पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होते रहेंगे।

विशेष रूप से, मतदान समाप्त होने के बाद PRO अब मतदान केंद्र छोड़ने से पहले ECINET ऐप में मतदान डेटा दर्ज करेंगे, जिससे देरी में कमी आएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444